नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 253 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 22 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने का दुर्भाग्यपूर्ण-रश्मि



पेज -8 पर कोयला लोड भारी वाहनों से स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर ....

द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति होंगी:तीसरे राउंड में ही 5.77 लाख वोट लेकर जीतीं

# द्रौपदी मुर्मू ने जीता राष्ट्रपति चुनाव, आदिवासी महिला बनेंगी महामहिम

नई दिल्ली ए.। द्रौपदी मुर्मू देश की अगली राष्ट्रपति होंगी। आज सुबह शुरू हुई मतगणना के नतीजे आ गए हैं। जिसमें उन्हें बड़ी जीत हासिल हुई है। हालांकि अभी औपचारिक ऐलान बाकी है। विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के मुकाबले उन्हें दो तिहाई के करीब वोट मिले हैं।




| कैंडिडेट | सांसदों के वोट | राज्यों के वोट | कुल | इलेक्टोरल वोट |
|---|---|---|---|---|
| द्रौपदी मुर्मू | 540 | 1621 | 2161 | 5,77,777 |
| यशवंत सिन्हा | 208 | 850 | 1058 | 2,61,062 |

देश के पहले आदिवासी नेता के तौर पर राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू को बधाई देने वालों का तांता शुरू हो गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। जानकारी मिल रही है कि कुछ देर में पीएम मोदी उनके घर पहुंचेंगे और बधाई देंगे।

### पहले राउंड में ही दो तिहाई से ज्यादा मिले द्रौपदी को वोट

पहले राउंड की गिनती में द्रौपदी मुर्मू को 748 में से 540 वोट मिले थे। इसके अलावा यशवंत सिन्हा को 208 मत हासिल हुए थे। कुल 748 मत पहले राउंड में वैध पाए गए थे, जिनका मूल्य 5 लाख 23 हजार 600 है। इनमें से 540 वोट द्रौपदी मुर्मू को हासिल हुए थे, जिनका मूल्य 3,78,000 है। वहीं यशवंत सिन्हा पहले ही राउंड में बड़े अंतर से पिछड़ गए थे। उन्हें कुल 208 वोट ही मिले थे, जिनका मूल्य 1,45,600 ही आंका गया।

### दूसरे राउंड में द्रौपदी मुर्मू की बढ़त और बढ़ी

*द्रौपदी मुर्मू की जो बढ़त पहले राउंड में थी, वह दूसरे चरण की मतगणना में और ज्यादा बढ़ गई। दूसरे राउंड की मतगणना तक कुल 1886 वैध मतों की गिनती की गई, जिनमें से 1349 वोट द्रौपदी मुर्मू को हासिल हुए। इसके अलावा यशवंत सिन्हा को मिलने वाले वोटों की संख्या 537 रही। दूसरे चरण की मतगणना तक द्रौपदी मुर्मू के वोटों का मूल्य 4,83,299 था, जबकि यशवंत सिन्हा को मिले वोटों का मूल्य 1,89,876 ही रह गया। इस तरह पहले चरण से ही द्रौपदी मुर्म ने बड़ी बढ़त को कायम रखा।*

# पंचायत विभाग से सिंहदेव का इस्तीफा स्वीकार

मुख्यमंत्री ने पोर्टफोलियो बदला; अब रविंद्र चौबे होंगे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वरिष्ठ मंत्री टीएस सिंहदेव का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने बदलाव की अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसके मुताबिक सिंहदेव के पास अब स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, जीएसटी और 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की जिम्मेदारी होगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अब कृषि मंत्री रविंद्र चौबे संभालेंगे।

मंत्री टीएस सिंहदेव ने शनिवार शाम को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से इस्तीफे की घोषणा की थी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चार पेज का एक पत्र लिखा। इसमें विभाग में लगातार दखल और उनके प्रस्तावों पर काम नहीं होने की गंभीर शिकायतें हैं। इस पत्र में उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि वे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के भार से खुद को पृथक कर रहे हैं। इस पत्र के बाद संगठन और सरकार में एक दिन तक सन्नाटा पसरा रहा। रविवार सुबह जैन समाज के एक कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उन्हें पत्र ही नहीं मिला है। पत्र मिले तो उसका परीक्षण कराएंगे। उसके बाद हुई विधायक दल की बैठक में सिंहदेव के पत्र को अनुशासनहीनता बताकर कार्यवाही की मांग हुई। मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा, अब फैसला हाईकमान के हाथ में है। बताया जा रहा है कि शीर्ष नेताओं ने सिंहदेव से बात कर उन्हें फैसला बदलने पर राजी करने की कोशिश की। वे नहीं माने तो मंत्रिमंडल में फेरबदल को मंजूरी दे दी गई।

## एक नजर

### प्रदेश में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी

**रायपुर** । प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर बिजली गिरने तथा भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई। वहीं 'यादतर स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज 22 जुलाई को प्रदेश में एक दो स्थानों पर बिजली गिरने के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है वहीं अधिकतर स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं राजधानी रायपुर में बादल छाये रहेंगें तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं राजधानी का तापमान अधिकतम 29 डिग्री सेल्यिस के आसपास रहने की संभावना है।

### अवैध रूप से रखा दो नग सागौन गोला बरामद

**बिलासपुर** । वन विभाग की टीम ने एक व्यक्ति के घर से दो नग सागौन का गोला बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ वन अपराध का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नेवसा निवासी चन्द्र प्रकाश सूर्यवंशी अपने घर में दो अवैध रूप से नग सागौन गोला रखा हुआ है तथा फर्नीचर बना रहा है।

खाद संकट पर संसद से सड़क तक भाजपा आक्रामक

## सांसद साव ने संसद में कालाबाजारी का आरोप लगाया, विधानसभा में सवाल, समितियों का घेराव



**रायपुर।** खरीफ सीजन के दौरान छत्तीसगढ़ में खाद संकट पर भाजपा आक्रामक है। गुरुवार को भाजपा सांसद अरुण साव ने संसद में खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाया। विधानसभा में पार्टी खाद-बीज के संकट पर स्थगन प्रस्ताव लाई। अब भाजपा किसान मोर्चा ने 22 जुलाई को प्रदेश भर में प्रदर्शन की घोषणा की है। मोर्चा सहकारी समितियों का घेराव करेगा। बिलासपुर से भाजपा सांसद अरुण साव ने नियम 377 के अंतर्गत रासायनिक खादों की कालाबाजारी और किसानों पर हो रहे शोषण का मामला उठाया। साव ने कहा, केंद्र सरकार रासायनिक खादों में एक बड़ी सब्सिडी दे रही है। यूरिया में यह लगभग 2700रुपए और डीएपी में लगभग 2500रुपया प्रति बोरा है। ऐसा इसलिए ताकि किसानों को यूरिया 266 रुपए में और डीएपी 1350रुपया प्रति बोरा की दर से मिल सके। लेकिन छत्तीसगढ़ में कालाबाजारी के कारण किसानों का शोषण हो रहा है। सोसायटी में रासायनिक खाद नही मिल रहा है और किसानों को ऊंची कीमत देकर खाद लेना पड़ रहा है।

### सरकार बोली, केंद्र सरकार से ही कम मिली है खाद

*सरकार की ओर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया, केंद्र सरकार की ओर से ही रासायनिक खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिली है। उसके बाद भी किसानों को पिछले साल की तुलना में अधिक खाद उपलब्ध करा दी गई है। मंत्री ने बताया, कुछ जिलों में अधिक दाम पर खाद बिक्री की शिकायत पर जांच कराई गई है। 67 स्थानों पर छापा मारा गया। इसमें 20 दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। तीन मामलों में एफआईआर दर्ज हुई है और 37 मामलों में दुकानों को खाद बेचने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।*

## विधानसभा में 27 जुलाई को चर्चा की तारीख तय, अनुपूरक बजट पेश



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा मंजूर कर लिया है। इसके लिए 27 जुलाई यानी मानसून सत्र के अंतिम दिन का समय तय किया गया है। अविश्वास प्रस्ताव पर दोनों पक्षों को सुनने के बार विधानसभा अध्यक्ष ने इसपर चर्चा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इस बीच सरकार ने इस साल का पहला अनुपूरक बजट पेश कर दिया है। इसपर शुक्रवार को चर्चा की जानी है। इससे पहले सदन में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के इस्तीफे पर बवाल हुआ। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना का काम पूरा नहीं होने को लेकर भी विपक्ष ने सरकार को घेरा। शून्यकाल में विपक्ष खाद-बीज संकट और किसानों की परेशानी को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया। सरकार की ओर से वक्तव्य आया, लेकिन विपक्ष काम रोककर चर्चा की मांग पर हंगामा करता रहा। बाद में सदन की कार्यवाही को भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के दूसरे दिन का प्रश्नकाल शुरू होते ही भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, पंचायत विभाग का प्रश्न है और पंचायत मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं। सिंहदेव के विभाग के सवाल पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर जवाब देने खड़े हुए तो भाजपा विधायकों ने आपत्ति की। वहां से मामला संभला तो पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर सवाल उठाए।

### खाद बीज संकट पर भी बवाल हुआ

भाजपा ने खाद-बीज के संकट को लेकर स्थगन प्रस्ताव दिया। शून्यकाल में शुरू हुआ मामला बहस नहीं पहुंचा। उसकी ग्राह्यता को लेकर ही बवाल हो गया। विपक्ष के आरोपों का सत्ता पक्ष के विधायकों ने हंगामा कर दिया। वे 15 साल रही भाजपा की सरकार के समय के मामले गिनाने लगे। इन सबके बीच काफी वक्त लगा। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को भोजनावकाश के लिए स्थगित कर दिया। भोजनावकाश का समय भी 4 बजे खत्म होगा।

### नकली शराब पर हंगामा, विधायक बोले -पिकअप नहीं पकड़ रही

प्रश्नकाल में भाजपा विधायक नारायण चंदेल ने सरकारी दुकानों से नकली शराब बिकने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, पियक्कड़ों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला था। उन लोगों ने कहा, शराब पिकअप नहीं पकड़ रही है। मंत्री कवासी लखमा ने बताया, जांजगीर-चांपा में एक शिकायत मिली थी वहां कार्यवाही हुई है।

## एनएसयूआई ने किया दिल्ली में केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन

**रायपुर** । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष हरप्रीत कौर बल ने दिल्ली में प्रदर्शन करते हुए कहा कि वकेंद्र सरकार ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी से पूछताछ कर डराने का कार्य कर रही है, जिसके खिलाफछत्तीसगढ़ एनएसयूआई से प्रदेश उपाध्यक्ष हरप्रीत कौर बल ने भी हल्ला बोलते हुए गिरफ्तारी दी और कहा कि मोदी सरकार और भाजपा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सोनिया गांधी पर ईडी की जांच करवा रही है ताकि जनता का महंगाई बेरोजगारी से ध्यान हटा सके। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी, उसे मोदी सरकार के हथकंडे क्या डरा पायेंगे। जिस कांग्रेस ने अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंका, वह इस तानाशाही, अलोकतांत्रिक कृत्यों में लिप्त सरकार का मुकाबला करने में सक्षम है।

कलेक्टर बंगले समेत सैकड़ों घरों में पानी घुसा

## मूसलाधार बारिश से कई मोहल्ले और कॉलोनियां हुई जलमग्न, पूरा शहर प्रभावित



**बिलासपुर।** बिलासपुर में गुरुवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश से कलेक्टर बंगले सहित सैकड़ों घरों में नाले का पानी घुस गया। कलेक्टर बंगले में पानी निकालने के लिए निगम की टीम जुट गई है और मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा है। इधर, शहर के मेन रोड और रिहायशी इलाकों की गलियां लबालब हो गई। डेढ़ घंटे की बारिश से निगम की घोर अव्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम का फेलियर सामने आ गया।

## ट्रक के खलासी को लूटने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** घर से राशन लेने निकले खलासी को चाकू तलवार दिखाकर नगदी रकम लूटने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामलें में पुलिस ने एक नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से लूट में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल ,चाकू ,तलवार सहित, लूटी गई रकम बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार प्रदीप कुमार यादव पिता स्व. हरि यादव ने खमतराई थाने में ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि ट्रक मे माल भरने जीत कोल्ड स्टोर गोंदवारा गये थे जहां से उसके ट्रक का खलासी पिंटू रविदास करीबन करीब 11 बजे राशन लेने गया था इसी दौरान पिंटू रविदास को कुछ बदमाशों ने मोबाइल लूटने की नीयत से घेर लिया तथा मोबाइल लूट कर उसके साथ हाथ मुक्का एव चाकू से हमला कर उसके जांघ में गंभीर चोट पहुंचाई और मोबाईल सहित पांच सौ रूपए नगर लूटकर भाग गये।

विरोध... मुख्यमंत्री बोले, केंद्र सरकार बदलेगी तो आंख कैसे मिलाओगे

## सोनिया गांधी की पेशी का तीखा विरोध,रायपुर में ईडी का दफ्तर घेरा

*रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी की प्रवर्तन निदेशालय-श्वष्ठ में पेशी का दिल्ली से रायपुर तक तीखा विरोध हुआ है। रायपुर में कांग्रेस ने ED के स्थानीय दफ्तर का घेराव कर दिया। इसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तक शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने Ed अफसरों से कहा, केंद्र सरकार के तीन साल पूरे हो गए। दो साल और बचे हैं। यह सरकार बदलेगी। तब तुम लोग आंख में आंख मिलाकर क्या जवाब दे पाओगे?*



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, हम यहां ED के सामने क्यों आए हैं। इनकी आंख खोलने के लिए। तुम अपनी आंख-कान खोलकर देख लो। इनकी जिम्मेदारी मनी लांड्रिंग पर कार्रवाई की है। लेकिन ये लोग सावन के अंधे हैं, जिनको हरा ही हरा नजर आ रहा है। यही ED 2015 में सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामला बंद कर चुकी थी। कहा गया कि इसमें कोई मनी लांड्रिंग नहीं हुआ तो हम जांच कैसे करेंगे। कानून बना है कि FIR दर्ज होगा तभी श्वष्ठ जाएगी। अब श्वष्ठ बताए कि सोनिया जी और राहुल जी के खिलाफ देश के किस थाने में FIR दर्ज हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर केंद्र सरकार में हिम्मत है। ED वालों ने अपनी मां का दूध पीया है तो सोनिया गांधी से हो रही पूछताछ में कैमरा लगा दें। उसको टीवी पर लाइव दिखाए। पूरा देश यह जानना चाहता है कि वहां क्या हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, 35 साल तुम लोगों को नौकरी करनी है। पांच साल इनकी सरकार हो गई। दूसरे कार्यकाल में तीन साल गुजर गए। दो साल और रहना है। केंद्र सरकार बदलेगी। तब तुम लोग आंख में आंख मिलाकर क्या जवाब दे पाओगे। यह बात सोच लो। तुम्हारे घर में भी बच्चे हैं। वे भी पढ़े लिखे हैं। अपने बीवी-बच्चों से कैसे आंख मिला पाओगे।

### नेशनल हेराल्ड केस को सीएम ने बताया फर्जी

*मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, स्वतंत्रता संग्राम के समय पंडित जवाहरलाल नेहरु सहित कांग्रेस के नेताओं ने नेशनल हेराल्ड अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। बदली परिस्थितियों में वह अखबार घाटे में जाने लगा। उसको बचाने के लिए, कर्मचारियों को वेतन, संस्थान का बिजली बिल और करों आदि के भुगतान के लिए कांग्रेस पार्टी ने अखबार को 90 करोड़ रुपए दिए। यह रकम 10 सालों के दौरान 9 किस्तों में दी गई थी।*

द्रौपदी मुर्मू ने जीता राष्ट्रपति चुनाव

## आदिवासी महिला बनेंगी महामहिम, छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न



**रायपुर।** द्रौपदी मुर्मू देश की अगली राष्ट्रपति होंगी। गुरुवार को हुए मतगणना के नतीजे आ गए हैं, जिसमें एनडीए उम्मीदवार को बड़ी जीत हासिल हुई है। हालांकि अभी औपचारिक ऐलान बाकी है। देश में पहली बार कोई महिला आदिवासी राष्ट्रपति बनीं हैं। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद द्रौपदी मुर्मू को बधाई देने का दौर शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने सड़क पर खुशी का इजहार किया। ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा नेताओं ने जश्न मनाया। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार साय ने कहा कि देश अभी अमृत महोत्सव में चल रहा है। देश की आजादी का 75वां साल है।

ऐसे समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बड़ा ऐसा तोहफा दिया है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया है। केवल आदिवासियों नहीं बल्कि पूरे देश का अच्छा दिन आने वाला है। देश में एक नया रंग, नया उत्सव और नया उत्साह देखने को मिलेगा। हमारा देश अब दुनिया में परम वैभव के पद पर जाने वाला है। यह देश जगतगुरु के पद पर फिर से प्रतिष्ठित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के आदिवासियों का मान बढ़ाया है।

# आदिवासी समुदाय और सपने देखने वाली महिलाओं की प्रतिनीधि हैं द्रौपदी मुर्मू

जब किसी परिवार, मोहल्ले या गांव की पहली महिला शिक्षा की ओर कदम बढ़ाती है तब जिन मुश्किलों का सामना उसे करना होता है उसका अंदाज़ लगाना भी मुश्किल है। वहीं जब अपने गांव की पहली कॉलेज जाने वाली महिला देश की पहली महिला बनने जा रही हो तो सम्मान केवल उस महिला का ही नहीं बढ़ता बल्कि उन तमाम महिलाओं का भी सम्मान बढ़ता है जो सपने देखती हैं और उसे पूरा करने के लिए हर बाधा, हर विरोध का सामना करती हैं।

द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। एक आदिवासी महिला के लिए यह सफ़र तय करना आसान नहीं रहा होगा। इसका अंदाज़ केवल इसी बात से लगाया जा सकता है आज़ादी के 74 साल बीतने के बावजूद मुर्मू पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं।

### चुनौतीपूर्ण रहा है द्रौपदी मुर्मू का जीवन

द्रौपदी का सफ़र बताता है कि क्लर्क की नौकरी करते हुए 1997 में उन्होंने नगर पंचायत का चुनाव लड़कर और जीतकर अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। इससे यह तो जरुर साफ़ होता है कि अपने लंबे करियर में उनका ज़मीन से जुड़ाव रहा है।

ओड़िसा में राज्पाल रहते हुए उन्होंने औद्योगिक इस्तेमाल के लिए ज़मीन के हस्तांतरण संबंधी विधेयक को करीब एक साल तक रोके रखा। ये कुछ बातें हमें उम्मीद दिलाते हैं कि द्रौपदी के राष्ट्रपति बनने से कम से कम आदिवासियों और महिलाओं के मुद्दे नज़र तो आएंगे। जो आदिवासी समाज सदियों से अलग-थलग रहा है उसके मुद्दे और समस्याएं समझना और उसके समाधान की ओर कदम बढ़ाना बहुत जरूरी है।



> द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। एक आदिवासी महिला के लिए यह सफ़र तय करना आसान नहीं रहा होगा। इसका अंदाज़ केवल इस बात से लगाया जा सकता है आज़ादी के 74 साल बीतने के बावजूद मुर्मू पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं।

बिहार के कुछ इलाकों में अध्ययन के दौरान आदिवासी समुदाय को करीब से देखने का अवसर मिला। 2011 की जनगणना को मानें तो इनकी आबादी 13 लाख से ऊपर है। अगली जनगणना में इसमें बढ़ोतरी ही होगी लेकिन दुख की बात यह है कि इनके विकास पर सरकार का रवैया थोड़ा उदासीन रहा है। शायद किसी भी पार्टी के लिए ये वोट बैंक नहीं बन पा रहे इसलिए इनके मुद्दे अनसूने रह जाते हैं।

### आदिवासी समाज की कठिनाइयां

कृषि और जंगल, आदिवासी समाज के जीवन-यापन के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन इसमें कई तरह की कठिनाइयां आ रही हैं। कृषि के लिए ज़मीन की कमी, पारंपरिक तरीके से खेती, सिंचाई के साधनों की कमी और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता ने कृषि कार्य को पहले ही मुश्किल बना दिया है। उसपर जंगलों के कटने से इनका जीवन-यापन और भी ज्यादा मुश्किल हो गया है।

समुदाय के ज्यादातर लोग काम की तलाश में दूसरे शहर या राज्य में पलायन कर रहे हैं। कोरोना काल में इनकी हालत और भी ज्यादा ख़राब हो गई, इसके बावजूद ये हमेशा उपेक्षित ही रहे।

आदिवासी समुदाय शुरुआत से ही मुख्य आबादी से अलग-थलग रहा है, लेकिन अब जब यह समाज मुख्यधारा में आना चाहता है तो इसे अनगिनत बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे समझने की जरूरत है। इनके गांव में न तो सड़कें हैं, न यातायात की सुविधा।

ग़रीबी और भूखमरी इस हद तक है कि ये अपने बच्चों को स्कूल भेजने की जगह मजदूरी करवाने के लिए मजबूर हैं, वो काम भी नियमित रूप से नहीं मिलता। कर्ज बढ़ता जाता है और आमदनी का कोई स्थाई जरिया नहीं। दूसरी ओर आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति भी क्षीण होती जा रही है। पलायन, अन्य जातियों से जुड़ाव और तकनीकी विकास ने आदवासी युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति उदासीनता भर दी है जिससे उनकी अपनी पहचान खत्म हो रही है। उनकी कला को फिर से समृद्ध करने की जरूरत है, जो देश की धरोहर है। आदिवासियों ने जिस तरह से प्रकृति से प्रेम किया है उससे हर किसी को सीख लेने की जरूरत है। आज जब देश की कुल साक्षरता दर 73 प्रतिशत है (जो अभी भी बहुत कम है) आदिवासियों की साक्षरता दर केवल 59 प्रतिशत ही है। उसमें भी जब महिलाओं की बात आती है तो आदिवासी पुरुषों के 69 प्रतिशत साक्षरता दर के मुकाबले आदिवासी महिलाओं की साक्षरता दर केवल 49 प्रतिशत ही है। जैसे-जैसे उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते हैं यह अंतर बढ़ता ही जाता है। जागरूकता का अभाव और साथ में शिक्षण संस्थाओं की कमी के कारण यह समाज आज तक पिछड़ा हुआ है। कृषि कार्य हो या फिर मजदूरी का काम यहां महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से हमेशा से अधिक रही है लेकिन उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। आदिवासी गांवों में स्वास्थ्य व्यवस्था और गंदगी एक चिंता का विषय रहा है। यहां साफ़-सफाई के प्रति जागरूकता की कमी के कारण कई बीमारियां फैलती रहती है।

सुनीता मिनी

## संपादकीय

### भारत की आबादी, भविष्य

इस सदी के मध्य तक दुनिया की कामकाजी आबादी- यानी 15 से 59 वर्ष उम्र वर्ग के लोगों का 20 फीसदी हिस्सा भारत में होगा। पर ये करेंगे क्या? संयुक्त राष्ट्र ने औपचारिक रूप से एलान कर दिया है कि अगले वर्ष यानी 2023 में भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। पहले अनुमान 2028 में ऐसा होने का था। लेकिन चीन की आबादी पहले के अनुमान की तुलना में ज्यादा तेजी से गिरी। इसलिए अब साल भर बाद ही भारत को सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का खिताब मिल जाएगा। अब प्रश्न है कि क्या यह खिताब ऐसा है, जो भारत के लिए नई संभावनाएं खोलेगा? या यह एक ऐसी जिम्मेदारी है, जिसे हमारे नीति निर्माताओं ने ठीक से नहीं निभाया, तो ये तथ्य इस देश और यहां के लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाएगा? सामान्य सिद्धांत यह है कि आबादी अगर उत्पादक क्षमता से लैस हो, तो वह किसी देश या समाज के विकास और समृद्धि का पहलू बनती है। लेकिन शिक्षा, ज्ञान, तकनीक और बड़े सपनों से वंचित आबादी असल में संसाधनों पर ऐसा बोझ बनती है, जिससे संबंधित देश का ताना-बना चरमरा सकता है।

बताया गया है कि इस सदी के मध्य तक दुनिया की कामकाजी आबादी- यानी 15 से 59 वर्ष उम्र वर्ग के लोगों का 20 फीसदी हिस्सा भारत में होगा। अगर यह हिस्सा आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मांग के अनुरूप क्षमता रखे, तो अगले तीन से छह दशकों तक भारत ऐसा देश होगा, जिसके बिना दुनिया अपनी प्रगति की कल्पना नहीं कर पाएगी। लेकिन चिंताजनक पहलू हमारे यहां दिख रहे ट्रेंड हैं।

# भारत और अमेरिका के रिश्ते का अमृत वर्ष, हर दौर में देखे कई उतार चढ़ाव

जब अमेरिकी प्रकृतिवादी, कवि और दार्शनिक हेनरी डेविड थोरो ने 1849 में अपना प्रसिद्ध निबंध सविनय अवज्ञा लिखा, तो उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह छह दशक बाद एक भारतीय वकील मोहनदास करमचंद गांधी को प्रेरित करेगा और वह दक्षिण अफ्रीका में इसे प्रतिध्वनित करेंगे, जिन्होंने भारत लौटने के बाद अपने सत्याग्रह से ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया तथा भारत को स्वतंत्रता पाने में मदद की।

दिलचस्प बात यह है कि गांधी को भी यह नहीं पता था कि ब्रिटिश ज्यादतियों के खिलाफ उनका अहिंसक प्रतिरोध अमेरिकी अश्वेत नागरिक अधिकार नेता, डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को प्रेरित करेगा, जो अपने घर और कार्यालय में गांधी की तस्वीर लटकाकर रखते थे। करीब पचास वर्ष पहले स्वामी विवेकानंद ने सितंबर, 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद को संबोधित कर अपने प्रसिद्ध भाषण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। अंग्रेजी कविता के कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि टी. एस. इलियट के वेस्टलैंड पर भगवद्गीता का प्रभाव झलकता है। भारत के लोग अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट का आभार जताते हैं, जिन्होंने 1943 में कासाब्लांका कॉन्फ्रेंस में भारत की आजादी के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से बातचीत की थी। भारत और अमेरिका एक जैसे मूल्य साझा करते हैं-लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, कानून का राज, धार्मिक सहिष्णुता और उनका बहुजातीय, बहुनस्लीय, बहुभाषी, बहु-धार्मिक और बहुलतावादी समाज। दिलचस्प है कि इन समानताओं ने उन्हें अच्छा दोस्त नहीं बनाया। दो सैन्य संगठनों-1954 में दक्षिण पूर्व एशिया संधि संगठन (सीटो) और 1955 में केंद्रीय संधि संगठन (सेन्टो) में पाकिस्तान को शामिल करने को लेकर भारत को आशंकाएं थीं। शीतयुद्ध के दौर में भारत की गुटनिरपेक्ष नीति के बावजूद उसके सोवियत संघ के करीब होने की अमेरिकी धारणा के चलते अमेरिका और भारत अलग-अलग रहे। भारत यह भी नहीं भूल सकता था कि जब पाकिस्तान की आक्रामकता का शिकार होकर वह संयुक्त राष्ट्र में जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को लेकर गया था, तो ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किए जाने के कारण दांव उल्टा पड़ गया था। भारत की यात्रा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर थे। उन्होंने दिसंबर, 1959 में भारत की सफल यात्रा की। हैरानी की बात है कि नवंबर, 1961 में भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अमेरिका की यात्रा सफल नहीं रही। नेहरू और जॉन एफ कैनेडी व्यक्तिगत सामंजस्य नहीं बिठा सके। हालांकि, यह कैनेडी ही थे, जो 1962 में चीन द्वारा आक्रमण करने पर भारत को जरूरी रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए आगे आए। फिर जब भारत को अन्न संकट का सामना करना पड़ा, तो अमेरिका ने चर्चित पीएल 480 कानून के तहत गेहूं की आपूर्ति की। माना जाता है कि कुछ अमेरिकी कृषि वैज्ञानिकों ने डॉ एमएस स्वामीनाथन की मदद की, जिन्होंने हरित क्रांति की शुरुआत की और भारत को अनाज उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। फोर्ड फाउंडेशन और कई अमेरिकी शैक्षणिक संस्थानों ने आईआईटी, कानपुर की स्थापना में सहायता की। अभी करीब चार लाख भारतीय छात्र अमेरिका में पढ़ रहे हैं। अमेरिका के आधा दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल आज भारतवंशी शिक्षाविदों के नेतृत्व में चल रहे हैं। वर्ष 1971 में भारत-अमेरिकी संबंधी खराब हो गए, जब राष्ट्रपति निक्सन ने बेशर्मी से पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह याह्या खान का समर्थन किया।



अच्छी दोस्ती

> अमेरिकी रक्षा निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है, जो बढ़ते रक्षा सहयोग को रेखांकित करता है। पहली बार भारत ने अमेरिका से 14 अरब डॉलर का गैस एवं तेल आयात किया है। वर्ष 2021-22 में अमेरिका चीन को पछाड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। द्विपक्षीय व्यापार 119.42 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

सुरेंद्र कुमार

## मिला जुला

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान

# वनमण्डलाधिकारी कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों ने लगवाया कोविड का बूस्टर डोज

### जिला जेल के 132 बंदियों को भी स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा किया गया टीकाकरण

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष टीकाकरण अभियान 15 जुलाई 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक 75 दिनों तक चलने वाला अभियान है। इसके तहत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिये अब कोविड प्रिकॉशन डोज सभी शासकीय कोविड टीकाकरण सत्रों में नि:शुल्क रूप से टीकाकरण किया जा रहा है। इस अभियान में वे सभी हितग्राही टीकाकरण के लिये पात्र होंगे जिनका द्वितीय खुराक छ: माह या 26 सप्ताह पूर्व लगा हो।

जिले में अमृत महोत्सव के पूर्व 60 वर्ष से अधिक, हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंट लाइन वर्कर को बूस्टर डोज या प्रिकॉशनरी डोज दिया जा रहा था एवं 15 से 59 वर्ष के हितग्राहियों को 15 जुलाई के पूर्व केवल निजी टीकाकरण केन्द्रों में ही शुल्क देकर टीकाकरण कर सकते थे। परन्तु आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 जुलाई से आगामी 75 दिनों अर्थात 30 सितम्बर 2022 तक नि:शुल्क टीकाकरण का प्रावधान है। उक्त अभियान जिसमें 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। इसके साथ साथ 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कोर्बिभेक्स वैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज तथा 15 से 17 वर्ष के बच्चों को कोवैक्सीन का प्रथम व द्वितीय डोज एवं इसके साथ यदि कोई व्यक्ति किसी कारण से प्रथम या द्वितीय खुराक से वंचित होने पर वह भी टीकाकरण केन्द्रों में टीका लगवा सकता है। इसी कड़ी में वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वनमण्डलाधिकारी कार्यालय जशपुर में कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाने शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय के अधिकारी.कर्मचारियों ने अपना जागरूकता का परिचय देते हुए 30 अधिकारी-कर्मचारी ने बूस्टर डोज को प्राथमिकता के साथ लगवाया। इस प्रकार जिला जेल के 132 बंदियों को भी स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा टीकाकृत किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल के निर्देशानुसार कोविड 19 टीकाकरण को बढ़ाने हेतु विशेष कोविड 19 टीकाकरण सत्र का आयोजन स्कूल, कॉलेजों, पूजा स्थलों, औद्योगिक संस्थानों में किया जा रहा है। साथ ही घर-घर दस्तक अभियान के तहत् टीकाकरण किये जाने तथा अभियान के सफ ल क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार.प्रसार किया जा रहा है।

प्रोटेस्ट कर रहे कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ जारी

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय आज कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ कर रहा है. दोपहर 12 बजे के बाद से उनसे पूछताछ जारी है. इधर, पूछताछ को लेकर विरोध कर रहे कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है.

ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए हैं. कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं. कुछ जगहों पर ट्रैफिक डायवर्ट भी किया गया है. पुलिस की ओर से 9 बजे से 2 बजे तक गोल मेथी जंक्शन, तुगलक रोड जंक्शन, क्लेरिजेस जंक्शन, क्यू-पॉइंट जंक्शन, सुनहरी मस्जिद जंक्शन, मौलाना आजाद रोड जंक्शन और मान सिंह रोड जंक्शन पर जाने से बचने की सलाह दी गई है.



### सोनिया गांधी से ED ये सवाल पूछ सकती है...

मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून की धारा 50 के तहत दर्ज सोनिया गांधी का बयान दर्ज होगा.

- सोनिया गांधी से यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के साथ उनके जुड़ाव के बारे में पूछ सकती है.
- ED जानना चाहती है कि सोनिया गांधी ने यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड की 38 फीसदी शेयरधारक बनने का फैसला क्यों किया?
- ED जानन चाहती है कि वो यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक क्यों बनीं? जब सभी लेन-देन हो चुके थे तो वो निदेशक बनने वाली आखिरी व्यक्ति थीं.
- यंग इंडियन का क्या काम है? यदि यह एक धर्मार्थ संगठन है तो यंग इंडियन द्वारा कोई महत्वपूर्ण दान कार्य क्यों नहीं किया गया है?

भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने एक और कदम आगे बढ़ाया

# ब्रिटिश पीएम रेस के फाइनल में पहुंचे ऋषि सुनक, आगे की राह मुश्किल है या आसान?

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के नए पीएम बनने के लिए भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। कंजर्वेटिव सांसदों की ओर से की गई पांचवें दौर के मतदान में ऋषि सुनक फिर अव्वल रहे। सुनक को 137 वोट मिले। अब उनका मुकाबला आखिरी चरण के लिए लिज ट्रस से होगा। पांच दौर के मतदान में अव्वल रहे ऋषि सुनक की राह जितनी आसान दिख रही है, उतनी है नहीं। विपक्षी पार्टी और खुद बोरिस जॉनसन के करीबी सुनक को अगले पीएम के पद पर नहीं देखना चाहते हैं। भारतीय मूल के सांसद ऋषि सुनक और विदेश सचिव लिज ट्रस यूके के नए पीएम पद के शीर्ष दो दावेदारों के रूप में सामने आए हैं। सुनक को अंतिम चरण के मतदान में 137 मत मिले। जबकि लिज ट्रस ने बोरिस जॉनसन को ब्रिटिश प्रधान मंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता की दौड़ में 113 वोट हासिल किए।




### सुनक की राह में रोड़े

ऋषि सुनक हालांकि पीएम पद की रेस में चल रहे पांचों दौर के मतदान में सबसे आगे रहे। लेकिन, विपक्षी दल और बोरिस जॉनसन के करीबी सुनक को पसंद नहीं करते हैं। वरिष्ठ सांसद डेविड डेविस ने कैबिनेट सचिव को पत्र लिखकर सुनक के चुनाव प्रचार दल के अभियान की जांच की मांग की है। दूसरी ओर बोरिस जॉनसन के करीबियों का मानना है कि बोरिस सरकार गिराने के पीछे सुनक का हाथ है। सुनक के इस्तीफे के बाद बोरिस जॉनसन कमजोर पड़ गए और उन्हें मजबूरी में सत्ता से बाहर होना पड़ा।

# जिले के नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई और पेयजल सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

* कोतबा छात्रावास के बोरिंग को ठीक कर दिया गया * जशपुर नगरपालिका क्षेत्र के दोनो वाटर एटीएम चालू

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले के नगर पालिका एवं सभी नगर पंचायत के सीएमओ द्वारा अपने नगरीय क्षेत्रों निरीक्षण कर सड़कों.नालियों की सफ ाई, बस स्टैण्ड, यात्री प्रतिक्षालय, रैन बसेरा, आश्रय स्थल की साफसफाई कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत् नगर पंचायत कोतबा के छात्रावास में बोरिंग मरमतए बस स्टैण्ड और मुक्ति धाम रोड़ की सफ ाई के साथ ही अन्य कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगरपालिका जशपुर के दोनों वाटर एटीएम को ठीक करा दिया गया है। वर्तमान में दोनों वाटर एटीएम चालू हाल में हैं। जिससे आवागमन करने वाले आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रही है।

# कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों बैठक लेकर स्वास्थ्य के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने कोविड टीकाकरण की जांच के साथ ही वैक्सीनेशन की डोज लगाने की विस्तार से जानकारी ली।




इसके साथ ही मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्यए संस्थागत प्रसव आदि के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए पात्रों को उनका लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया। जिससे कि चिकित्सालयों में आने वाले सभी मरीजों का बेहतर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक 5,57,760 कोविड टेस्ट किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 12 से 14 वर्ष तक के जिले के 82 प्रतिशत बच्चों को वैक्सीन की पहली खुराक, 15 से 17 आयु वर्ग के 72 प्रतिशत बच्चों को भी पहली डोज लगायी जा चुकी है। इसी प्रकार 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 8,78,512 टीकाकरण की पहली खुराक दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बीत 15 तारीख से आगामी 30 सितम्बर तक कार्ययोजना बनाकर बूस्टर डोज लगायी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले की 85 हाट बाजारों में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत शिविर लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जरूरी जांच की जाकर दवाइयां दी जा रही हैं। कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालयों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हो इसका भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत चिन्हित स्थलों में कैम्प लगाकर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीवन दीप समिति की बैठक 15 अगस्त से पूर्व कराने को कहा। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्रीकॉशन डोज लगाने के लिए प्रेरित किया जाए तथा छूटे हुए बच्चों का भी टीकाकरण कराएं। इसके लिए प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में फिक्स टीकाकरण सत्र प्रतिदिन आयोजित करते रहें। उन्होंने बैठक में एकीकृत संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरियाए डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव एवं नियंत्रण के लिए कीटनाशक, डीडीटी का छिड़काव, जिले के सभी मितानिनों के पास एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में मलेरिया रोधी दवाईयों की उपलब्धता रहे और इसका प्रचार-प्रसार भी करें। गर्भवती महिलाओं का नियमित एएनसी पंजीयन, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव एवं एनीमिक महिलाओं का नियमित उपचार करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व एवं क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की जानकारी, भारतीय रेडक्रॉस सोयायटी सहित अन्य कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारीएस, आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे, सभी विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने का दुर्भाग्यपूर्ण-रश्मि

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में मोदी सरकार द्वारा खुदरा में मिलने वाले आटा, दाल, चावल, गुड़, गेहूं, बाजरा, ज्वार, दूध, दही, पनीर, छाछ इत्यादि खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने का दुर्भाग्यपूर्ण फैसला किया है। आजादी के 75 वर्षों में पहली बार आवश्यक खाद्य पदार्थों पर टैक्स लगाया गया है। खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर जीएसटी के दायरे में लाए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के पास महंगाई बढ़ाने के हर तर्क मौजूद है। लेकिन महंगाई कम करने के लिए एक भी उपाय केंद्र सरकार के पास नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई के मुद्दे पर जनता के समक्ष जवाब देना ही पड़ेगा। अब से दूध, दही, मक्खन, चावल, दाल, ब्रेड जैसे पैक्ड उत्पादों पर जनता से 5 प्रतिशत जीएसटी वसूला जाएगा।

### खाने-पीने की कई चीजों पर जीएसटी लागू

खाने-पीने की कई चीजों पर 18 जुलाई से जीएसटी लागू हो गया है। इनमें पहले से पैक और लेबल वाले अनब्रांडेड खाद्य पदार्थ जैसे दालए चावलए आटाए गेहूं समेत सभी अनाज शामिल हैं। इन पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाया गया है। आज से पहले तक जीएसटी के दायरे से बाहर रहे इन सामानों की खरीद पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। रिकार्डतोड़ बेरोजगारी के बीच लिया गया यह फैसला मध्यमवर्गीय परिवारों और विशेषकर किराए के मकानों में रहने वाले संघर्षरत युवाओं की जेबें और हल्की कर देगा।

## दंतेवाड़ा स्थानांतरण पर एएसपी रामकुमार बर्मन का विदाई समारोह का किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





पुलिस जिले में पदस्थ अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन पदोन्नति उपरांत स्थानांतरण पर जिला दंतेवाड़ा के लिए कार्यमुक्त किया गया। जिन्हे 21 जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिन्हे पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई। साथ ही उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। स्थानांतरित अतिण् पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन बेमेतरा जिले में लगभग 03 साल का बहुत अच्छा कार्यकाल रहा, बहुत से गंभीर मामले में उनका अच्छा पर्यवेक्षण रहा, जिसमें अच्छा सफलता मिली। अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन ने बेमेतरा जिले में बिताये अपने अनुभव को उपस्थित स्टाफ के साथ साझा किया एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने भी अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के कार्यो का प्रशंसा करते हुए उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिये।

उपस्थित राजपत्रित अधीकारी एवं समस्त थाना चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय समस्त स्टाफ व अन्य पुलिस स्टाफ भी अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के साथ किये कार्यो का प्रशंसा कर अपने अनुभव को सांझा किये एवं नये जिले में जाने के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये। इस विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झाएडीएसपी कमल नारायण शर्मा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी सहित जिले कें समस्त थाना चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## इंद्रावती नदी कुड़कानार से एक अज्ञात युवक का शव बरामद

**जगदलपुर** । जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत धरमपुरा निवासी 16 वर्षीय युवक सुजल रामपुरे 16 जुलाई से लापता है, पुलिस लापता युवक की जहां तलाश कर रही है, वहीं पुलिस को इंद्रावती नदी के कुड़कानार पुल से करीब 25 किमी दूर पानी में एक युवक का शव बरामद किया गया है। बरामद युवक के शव को परिजनो ने सुजल होने से इंकार कर दिया है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही उपरांत मेकॉज भिजवा दिया है। परपा थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा ने बताया कि धरमपुरा नंबर 02 में नवोदय विद्यालय के पास रहने वाला सुजल रामपुरे उम्र 16 वर्ष जो कक्षा 10 वी का छात्र था, 16 जुलाई की रात 08 बजे के लगभग घर से चला गया, जिसकी तलाश परिजनों के द्वारा लगातार किया जा रहा था। 17 जुलाई की सुबह कुड़कानार पुल के ऊपर एक मोटर साइकिल देखा गया, जिसके बाद परिजनों ने बाइक की शिनाख्त कर ली, परिजनों व पुलिस को शक था, कि सुजल के पानी में कूदने की आंशका जताया जा रहा था। जिसके बाद से पुलिस लगातार युवक की पतासाजी कर रही थी, लेकिन आज सुबह कुड़कानार पुल से 25 किमी दूर घोटिया क्षेत्र के नदी में एक शव को देखा गया, जिसकी सूचना मिलने पर नागरसेना की बाढ़ बचाव दल ने पानी से शव को बाहर निकाला गया, शव भी पहचान नही हो पाई है।

## मनोरा के शासकीय हाईस्कूल अलोरी में जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विगत दिवस मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत अलोरी में शासकीय हाईस्कूल में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सभी छात्रों का कोविड टीकाकरण एवं एनीमिया की जांच की गयी। साथ ही जिले चल रहे जय हो कार्यक्रम के तहत सभी छात्रों को बाल विवाह, माहवारी स्वच्छता, कुपोषण, एनीमिया, बाल श्रम, जैसे विषयों पर जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिला सलाहकार यूनिसेफ अनिल बघे, विकासखंड समन्वयक स्वर्णलता टोप्पो, डीआरजी सदस्य टूमनु गोशाई, स्वास्थ्य विभाग के टीम, विद्यालय के प्राचार्य स्टाफ और बच्चे उपस्थित थे।

## एक नजर

### ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित होने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई.केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवायसी के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम तिथि के पहले पात्र कृषक हितग्राहियों को ई.केवायसी कराया जाना अनिवार्य है। अन्यथा हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। जिले में बहुत से कृषक अभी भी ऐसे है जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराया है। उन्होंने जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों को 31 जुलाई के पहले ई-केवाईसी कराने की अपील की है। योजना अंतर्गत पंजीकृत कृषक स्वयं पोर्टल में जाकर अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते है अथवा नजदीकी लोक सेवा केन्द्र से संपर्क कर निर्धारित शुल्क जमा कर ई.केवाईसी करा सकते है। अंतिम तिथि के बाद भी ई-केवाईसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों को प्राप्त होने वाली किस्ते स्वतः ही रुक जाएगी।

### सट्टा खेलते युवक पकड़ाया

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

दुकान में खुलेआम सट्टा खेल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र के सुअरमाल का है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा वार्ड 6 निवासी सोहन पटेल अपनी दुकान में सट्टा खेल रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़ा गया। आरोपी से 7 सौ रुपए नकद, 5 नग सट्टा पट्टी और एक पेन जब्त कर 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ढाबे में तोड़फोड़, 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

ढाबे में तीन युवकों ने तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने ढाबा संचालक की शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफजुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। बांकेबिहारी ढाबा संचालक जितेन्द्र गुप्ता ;42, ने नयापारा महासमुंद निवासी समीर खानए सन्नी ठाकुर और अजय पर आरोप लगाया है कि 20 जुलाई को एनएच 53 तुमगांव स्थित ढाबे में देर शाम पहुंचे तीन युवकों ने स्कूटी, फ्रीज और टीव्ही को तोड़फोड़ कर उनके व बच्चे और पत्नी के साथ मारपीट कर जान की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफधारा 294, 323, 506, 427, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया

### महिला से छेड़छाड़

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कोमाखान थाना क्षेत्र में एक महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 19 जुलाई सुबह 11 बजे वह अपनी दुकान में थी। उसी समय कन्हैया धीवर वहां आया और बुरी नीयत से छेड़छाड़ किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते मारपीट

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट की। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। बिरकोनी निवासी रामसिंह बरगाह 31 ने पुलिस को बताया कि वह बीते 19 जुलाई को काम खत्म, कर बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में फ्लाईऐस ब्रिक्स प्लांट के पास ग्राम बेमचा का तरूण चंद्राकर व उसके साथियों ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 341, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### 14 किलो गांजे के साथ 7 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बसना और सांकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से एक कार और दो बाइकों के साथ 2.80 लाख रुपए का गांजा जब्त कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की। बसना पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एनएच 53 भठौरी चौक के पास घेराबंदी कर ओड़िशा की ओर से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 11 एवाय 6449 से आ रहे बाइक सवार तीन लोगों को पकड़ लिया। युवकों ने अपना नाम सरसींवा निवासी राकेश सोनी पिता कार्तिक राम 36, रामकिशोर कश्यप 21, और तीसरे ने अपना नाम जमड़ी थाना हसौद जांजगीर चांपा निवासी प्रेमलाल कश्यप बताया। पुलिस ने उनके पास रखे बैग की जांच की तो उसमें 1 लाख रुपए कीमत का 5 किलो गांजा मिला। जिसे जब्त कर आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20 ख, के तहत कार्रवाई की गई। वहां सांकरा पुलिस ने भी एक कार और एक बाइक से 9 किलो गांजा बरामद की। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सल्डीह रोड जाममुड़ा के पुल के पास घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 04 एनआर 3139 और बाइक क्रमांक सीजी 16 जीटी 5117 को रोका। जांच के दौरान कार और बाइक से 1.80 लाख कीमती 9 किलो गांजा जब्त किया। पकड़े गए आरोपियों में बलौदाबाजार निवासी राजेश पटेल 22, बसना निवासी रितेश साहू 21, डिगेपुर निवासी वेदराम पटेल और तमिलनाडु निवासी शेख मोहम्मद 22 को गिरफ्तार किया। परिवहन में प्रयुक्त 3 लाख रुपए कीमत को कार और 20 हजार रुपए कीमत की बाइक जब्त कर नारकोटिक एक्ट 20 बी, के तहत कार्रवाई की गई।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त को किया जाना है। यह नेशनल लोक अदालत पूरे देश में आयोजित किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रस्तुत किये जा रहे प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जयदीप विजय निमोणकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में बैंक अधिकारी, विद्युत विभाग अधिकारी, बीएसएनएल के अधिकारी तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारी, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक में संबंधिक विभाग से अधिक से अधिक प्री लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु उनके समय सीमा पर प्रस्तुतीकरण पंजीयन एवं नोटीस तामिली पर चर्चा की गई।

तथा अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई। बैठक में लीड बैंक मैनेजर संतोष आयम, विद्युत विभाग डीई उमेश ठाकुर, बीएसएनएल एसडीओ चंद्रजीत सिंह ठाकुर तथा नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक विनीत सिंह ठाकुर एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता सम्मिलित हुये। यह विदित हो की नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराक्रम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण तथा प्री.लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। पूर्व नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसके संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारीगण के साथ बैठक में चर्चा की।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण थाली का लिया जायजा

### पीएचसी बेलबहरा में आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग की जानकारी ली

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को एसपी त्रिलोक बंसल के साथ विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बेलबहरा में मत्स्य बीज उत्पादन का अवलोकन किया।





इस दौरान उन्होंने मत्स्य पालन में संलग्न उदलकछार गौठान के महिला स्वयं सहायता समूह को जाल एवं आइस बॉक्स का वितरण किया। मत्स्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रक्षेत्र का कुल जल क्षेत्र 1. 52 हेक्टेयर है जहां 0.52 हेक्टेयर में मत्सय बीज़ संवर्धन एवं एक हेक्टेयर जल क्षेत्र मे प्रजनक भंडारण किया जाता है। वर्ष 2022.23 में जिले को विभागीय स्पान उत्पादन लक्ष्य 12 करोड का दिया गया है जिसमें 5 करोड बेलबहरा से एवं 7 करोड मत्सय बीज प्रक्षेत्र झुमका बैकुंठपुर से किया जाना है। जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कलेक्टर द्वारा जिले के लक्ष्य को और बढ़ाने का निर्देश दिया। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड के दो-दो गौठान में हितग्राही चयन कर शतप्रतिशत अनुदान पर 25-25 लाख मत्स्य बीज स्पान संवर्धन कर आजीविका गतिविधयां को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### आंगनबाड़ी केंद्र बाजारपारा और पीएचसी बेलबहरा का निरीक्षण

कलेक्टर शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र नागपुर बाजार पारा का निरीक्षण कर एनिमिक महिलाओं को सुपोषण थाली के रूप में दिए जा रहे गरम भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों से मुलाकात कर उनसे आंगनबाड़ी का फ ीडबैक लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी के आवश्यक सुधार के लिए एसडीएम को त्वरित काम करने निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर पीएचसी बेलबहरा पहुंचे। कलेक्टर ने जानकारी ली कि चालू मौसम में स्वास्थ्य केंद्र में किन बीमारियों से ग्रस्त मरीज आ रहे हैं और उनके इलाज की क्या तैयारी है। स्वास्थ्य टीम ने बताया कि अभी बुखार और सर्दी खांसी के मरीज आ रहे हैं। दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से बात की और चिकित्सकीय सुविधाओं पर सीधे मरीजों से जानाकरी ली। इस दौरान एसडीएम मनेन्द्रगढ़ एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 110 हितग्राहियों को योजना का मिला सहारा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

महासमुंद में एक बार फिर राज्य सरकार के जनहितैषी योजना से परिवारों के चेहरे पर खुशी आयी है। राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले के नगरीय क्षेत्रों के स्लम क्षेत्र में रहने वाले 110 हितग्राहियों को उनके निवास व निर्माण कार्यों हेतु शासकीय पट्टों दिए जा चुके हैं।



महासमुंद की सुभाष नगर स्लम बस्ती में रहने वाले देवकी साहू को 681 वर्ग फीट का स्थायी पट्टा मिला है। जिसे पाकर वो काफी खुश है। वहीं इसी बस्ती की जानकी सिन्हा, जुगेन्द्री और विनोदनी सिन्हा को भी क्रमश: 528 वर्ग फीट, 270 वर्ग फीट और 338 वर्गफीट का राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत स्थायी भूमि पट्टा मिला है। सभी हितग्राही इन पट्टो का उपयोग हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रयोग कर सकते हैं। अब तक महासमुंद शहर के झुग्गी झोपड़ियों, कच्चे अर्धपक्के मकानों में रहने वाले 22, तुमगांव के 17 और सरायपाली नगरीय क्षेत्र के 71 हितग्राहियों को पट्टा मिला है। राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र में शासकीय नजूल या स्थानीय निकायए विकास प्राधिकरण के भूमि में निवास करने वाले आवासहीनों को ऐसी अधिभोग की भूमि के पट्टे की पात्रता होती है। जिनका इस पते का राशन कार्ड बना हो। यह नियमानुसार प्रमाणित दस्तावेज हो। इस योजना के तहत झुग्गी वासी भूमिहीन व्यक्ति से पट्टे के लिए कोई प्रब्याजी या भू-भाटक नहीं लिया जाता। विकास शुल्क के रूप में 10 वर्षों तक सिर्फविकास शुल्क लिया जाता है। इस योजना से ऐसे भूमिहीन कमजोर वर्ग के लोगों का वर्षों का सपना साकार होने लगा है। शहरी क्षेत्रों में झुग्गी झोपडियों से मुक्ति दिलाने और गरीबों को अपना घर का सपना पूरा कराने में सहायता के लिए इस योजना की शुरुआत की गई। शहरों को स्लम मुक्त करने के उद्देश्य है। महासमुंद शहर के झुग्गी झोपड़ियों, कच्चे अर्धपक्के मकानों में रहने वाले 22, तुमगांव के 17 और सरायपाली नगरीय क्षेत्र के 71 हितग्राहियों को पट्टा मिला है। यह पट्टा शहरी गरीबों को भूमि पर आवास अधिकार दिलाने के साथ उनको उनके मकान, बिजली, पानी एराशन कार्ड आदि अन्य अनेक योजनाओं में काम आएगा। यह पट्टा निवास का अधिकार भी प्रदान करता है। महासमुंद जिले के नगर स्लम बस्तियों के इन वासियों को यह पट्टा उनके परंपरागत आवास अधिकार को ध्यान में रखकर शासकीय योजना अन्तर्गत राजीव गांधी आवास पट्टा प्रदाय किया गया है।

## एक नजर

### 45 वर्षीय ने अपने गमछे को फंदा बनाकर कर ली अपनी जीवन लीला समाप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



बेलगहना चौकी अंतर्गत ग्राम कोंचरा में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना मृतक के परिवार वालों ने बेलगहना चौकी पुलिस को दी बेलगहना चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। ग्राम कोंचरा में राम प्रकाश पटेल पिता स्व. नरोत्तम पटेल उम्र 45 वर्ष आज सुबह 4 बजे सो कर उठने के बाद घर के नल में नहाने के बाद पूजा वाले कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर दिया था जिसे सुबह करीब 9.30 बजे रौशन दान से झांक कर ऋषि पटेल ने देखा तो राम प्रकाश पटेल अपने कमरे के रोशन दान में कपड़े को बांधकर गले में फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना परिवार वालों ने बेलगहना चौकी पुलिस को दी जिसके बाद बेलगहना चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कार्यवाही करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की विवेचना कार्यवाही में जुट गई है।

### मतदाता सूची से आधार नम्बर को जोड़ने का कार्य 1 अगस्त से होगा प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों की पहचान स्थापित करने एवं मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों के प्रमाणीकरण के लिए मतदाताओं से आधार डेटा संग्रह कर मतदाता सूची के डेटा में जोड़ा जायेगा। आधार डेटा संग्रह कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 01 अगस्त 2022 को किया जायेगा। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं से आधार डेटा का संग्रह कर मतदाता सूची की डेटा में जोड़ने और प्रमाणीकरण के लिए अधिनियमध्निियम में संशोधन कर जारी अधिसूचना को लागू करने के निर्देश दिये गये है। इस कार्य के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को वैधानिक रूप से अधिकृत किया गया है। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर सर्वे कर प्रपत्र-6 ख के माध्यम से आधार नंबर एवं ईपिक नंबर की जानकारी एकत्र की जायेगी। मतदाता द्वारा आधार नंबर ऑनलाइन जमा करने के लिए प्रपत्र- 6 ख, एनएसव्हीपी वोटर हेल्प लाइन एप्प आदि का उपयोग भी कर सकता है। आधार डेटा संग्रह कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा द्वारा 01 अगस्त 2022 को सायं 04 बजे जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में किया जायेगा। जिसमें राजनीतिक दलों, मीडिया एवं गैर सरकारी संगठनों से उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की गई है।

### खेत जोताई करते ट्रेक्टर पलटा, चालक की मौत

**गरियाबंद** । खेत मे धान बोवाई के लिए खेत का जोताई करते ट्रेक्टर पलट गया जिससे ट्रेक्टर चला रहा युवक खेत मे ट्रैक्टर के नीचे दब गया जिससे चालक की मौत हो गई ।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जंगल धवलपुर के दादर पारा में ट्रेक्टर से खेत की जोताई कर रहा था वही खेत ज्यादा दलदाला होते के चलते ट्रेक्टर उस दलदल में फंस गया तभी ट्रेक्टर को निकालने ज्यादा रफ्तार किया गया जिससे ट्रेक्टर पलट गया ।इस घटना में ट्रेक्टर चला रहा 20 वर्षीय युवक तँकेश्वर विश्कर्मा ट्रैक्टर के नीचे कीचड़ में फंस गया जिससे उसकी मौत हो गई ।बताया गया कि ट्रेक्टर मैनपुर कोदोभाट का है जिसे खेत जोताई करने किराया से लाया गया था,और चालक स्कूली छात्र भी था। घटना की जानकारी होत्र ही मौके पर पुलिस पहुच गई है और जांच कर रहे है ।

### युवाओं के प्रयास से नया राशन कार्ड वितरण किया गया

**गरियाबंद** । युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष एवं वैध राज संघ जिला सचिव गरियाबंद यशवंत कुमार यादव के प्रयासों से नया राशन कार्ड बनाया गया जिससे हितग्राही में खुशी की लहर है । ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत धवलपुर के युगेशवरी सिन्हा ,राजेश्वरी यादव,ओमकुमारी यादव,घोमेशवरी मोगरे, रामसिह यादव के पास पास राशन कार्ड नहीं होने के कारण शासन से मिलने वाले फायदे जैसे चावल,चना,नमक,मिट्टी तेल का फायदा नहीं मिल रहा था।

# रसायनिक खाद की कमी को लेकर किसान मोर्चा ने सोसाइटी में तालाबंदी की

विद्युत मंडल कार्यालय को भी घेरेंगे किसान मोर्चा के कार्यकर्ता

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 22 जुलाई को प्रदेश के सभी सोसाइटी का घेराव कर तालाबंदी किया जाएगा। प्रदेश में किसान लगातार रसायनिक खाद की कमी से जूझ रहे हैं। सोसाइटी में खाद उपलब्ध नहीं है वही खुले बाजार में अधिक दर पर भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है प्रदेश में खाद माफिया सक्रिय हैं। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं वही खाद माफिया को सरकार का संरक्षण प्राप्त है जो कि किसानों को खुलेआम लूट रहे हैं किसान मोर्चा द्वारा सोसाइटी में खाद उपलब्ध कराने सरकार से मांग की गई परंतु भूपेश सरकार कुंभकर्णनीय नींद में है आज प्रदेश का किसान हलकान है वही नकली अमानक वर्मी कंपोस्ट किसानों को जबरदस्ती बेचा जा रहा है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने आगे बताया है कि प्रदेश भर में अघोषित विद्युत कटौती किया जा रहा हैं जिसका विरोध भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता सोसाइटी में तालाबंदी के पश्चात विद्युत मंडल के कार्यालय का भी घेराव करेंगे।

# घर-घर जाकर लगाया जायेगा कोविड-19 का टीका

बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं, रखे खुद को सुरक्षित

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।



कोरोना संक्रमण एक बार फिर से बढ़ रहा है। जिले में प्रत्येक दिन कोरोना संक्रमण के नये मामले आ रहे हैं। बस्तर में कम ही सही लेकिन कोरोना संक्रमण के नये मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना पर अंकुश लगानेए के लिए टीकाकरण पर फोकस किया जा रहा है। इसी क्रम में कोविड टीकाकरण का तीसरा डोज या प्रिकाशन डोज के माध्यम से 18 से अधिक आयु के वर्ग के सभी लोगों को कोविड-19 का टीका लगाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले अधिकतर लोग अभी खेती कार्य मे व्यस्तता के चलते टीकाकरण केंद्रों में नही जा पा रहे। इसको ध्यन में रखते हुए कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशानुसार टीकाकरण दल अब घर-घर और खेतों में जाकर लाभार्थियों को टीका लगाएंगे।

इस सम्बंध में सीएमएचओ आरके चतुर्वेदी ने बतायारू कोरोना संक्रमण के नये मामले जिले में मिलने के बाद इसके विस्तार होने के संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अधिक से अधिक लोगों को कोविड. 19 का टीका लगाकर सुरक्षित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कोविड-19 टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में लोगों से अपील है कि 18 से अधिक आयुवर्ग के ऐसे लोग जिन्होंने कोविड वैक्सीन का तीसरा टीका अभी तक नहीं लगवाया है।

वह अपने निकटतम टीकाकरण सत्र स्थल पर आकर बूस्टर डोज अवश्य लगवायें। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी सीआर मैत्री ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा लोग जो किसी अन्य राज्य से जिले में प्रवेश कर रहे हैं वह एहतियातन अपना कोविड टेस्ट जरूर करवाएं। खासकर उन्हें तो अनिवार्य रूप से अपना कोविड टेस्ट करवाना चाहिए जो ऐसे राज्य से होकर आए हैं जहां कोविड के मामले अधिक हैं। ऐसे में आप अपने परिवार की हिफाजत कर सकते हैं। संक्रमण के इस दौर में लापरवाही नुकसानदायक हो सकती है। जिले के सभी सीएसचसी और पीएससी में कोविड टेस्ट की सुविधा मौजूद है। जिले में कोविड संक्रमण को रोकने के लिए नि:शुल्क बूस्टर डोज की व्यवस्था 30 सितंबर तक की गयी है। इस अवधि में टीकाकृत होकर स्वंय और समाज को कोविड के खतरे से बचाएं।

# ऋण से संबंधित लंबित प्रकरण शीघ्र स्वीकृत करें-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी बैंकर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होने जिले के विभागीय अधिकारियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जिससे लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आ सके। कलेक्टर ने बैंकर्स से कहा कि लोन संबधित प्रकरण बैंकों में लंबित है उनका निपटारा जल्द से जल्द करें। लोन स्वीकृत करने के नाम पर बैंकर्स, लोगों का चक्कर न लगवाएं। बैंक के शाखा प्रबंधक लक्ष्य पूर्ति के लिए फरवरी मार्च का इंतजार न करें। अभी से ही ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि की केसीसी लोन में पशुपालन/मछली पालन को भी बढ़ावा देना है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, स्टैण्ड अप योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम अंत्यावसायी विभाग की आदि प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लोगों को देने के निर्देश दिये। जिलाधीश ने बैंकों को निर्देश दिया कि वे समय-सीमा के भीतर योजनाओं के लक्ष्य को पूर्ण करें। जिला पंचायत के सीईओ लीना कमलेश मण्डावी ने कहा कि स्वसहायता समूह द्वारा समूह लोन स्वीकृति के लिए आवेदन दिया है। उस पर शीघ्र कार्यवाही करें। लीड बैंक मैनेजर ने कहा कि स्वसहायता समूह का बैंक एकाउण्ट खोलने के लिए पैन कार्ड आवश्यक नहीं है। एलडीएम ने बताया कि जिले में 72 शाखाएं संचालित है जिसमें सहकारी बैंक के 19, ग्रामीण बैंक के 20 एवं अन्य 33 शाखाएं राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंक की शामिल है। जिसके जरिए ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की जा रही है। बैठक में लीड बैंक ऑफिसर बेमेतरा संतोष आयाम, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी आरकेवारे, जिला अंत्याव्यसायी वित्त विकास निगम के प्रवीण कुमार लाटा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रविश कुमार, सहायक मछली पालन यवन डिंडोरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा होरी सिंह ठाकुर, जिले के नगरीय निकाय के सीएमओ सहित जिले के बैंकर्स उपस्थित थे।

सफलता की कहानी

# जिला चिकित्सालय के एनआरसी केन्द्र में आशीष हुआ सुपोषित

आशीष आ गया सामान्य श्रेणी में,बच्चे के माता-पिता अब खुश हैं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा.निर्देश में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिला चिकित्सालय में स्थापित एनआरसी केन्द्र का निरीक्षण किया और बच्चों की सुपोषण स्थिति की जानकारी ली। एनआरसी में कुल 11 बच्चों को भर्ती किया गया है। केंद्र में भर्ती आशीष को विशेष देखरेख में पौष्टिक आहार दिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप एक सप्ताह में आशीष का वजन 500 ग्राम बढ़ गया है। कुपोषित से सुपोषित होकर सामान्य श्रेणी में आ चुका है। बच्चे के माता-पिता अब खुश हैं।

# कलेक्टर ने की जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की समीक्षा

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बच्चों को कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की समीक्षा बैठक आहूत की गई।



बैठक में कलेक्टर शर्मा ने विद्यालय में बालक-बालिकाओं की संख्या तथा उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति एवं गतिविधियों के सम्बंध में प्राचार्यों से विस्तारपूर्वक जानकारी लीए बालक तथा बालिका छात्रावासों में सभी व्यवस्था दुरस्त करते हुए सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा छात्रावास अधीक्षकों को समय-समय पर बच्चों की काउंसिलिंग कराए जाने के निर्देश दिए।

जिले में संचालित तीनों एकलव्य विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्रों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कोचिंग की व्यवस्था कर तैयारी कराएं। बैठक में उन्होंने शिक्षकीय सामग्री, आवासीय विद्यालय के छात्रों को गणवेश तथा किट वितरण की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार संस्था को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य हैए जिसके लिए सभी व्यवस्थाएं बेहतर हों। इस दौरान उन्होंने सभी विद्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लगाए जाने तथा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किए जाने हेतु तिथी निर्धारित करने तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बच्चों के नेत्र जांच सह चश्मा वितरण हेतु कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

# शिवतराई गौठान में होगी गोमूत्र की खरीदी, हरेली के दिन होगा शुभारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत संचालित गोठानों में अब गोमुत्र की खरीदी की जाएगी। इसके लिए प्रथम चरण में बिलासपुर जिले के 2 गौठान का चयन किया गया हैं जिसमें कोटा ब्लॉक के एक गौठान को शामिल किया गया हैं।




जहां हरेली के दिन से गोमुत्र की खरीदी का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ के गौठानों में 28 जुलाई को हरेली तिहार से गौमुत्र की खरीदी की शुरूआत होगी। प्रथम चरण में कोटा ब्लॉक के शिवतराई गौठान में गौमूत्र की खरीद की जायेगी स कलेक्टर के द्वारा गौठान में गौमुत्र खरीदी के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने गौमूत्र बेचने के लिए पशुपालक,किसानों को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए गये हैं 28 जुलाई को हरेली पर्व के दिन से शिवतराई गौठान में गोमुत्र खरीदी शुरू की जाएगी।

### चार रुपये पति लीटर में की जाएगी खरीदी

जनपद पंचायत कोटा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिओम द्विवेदी ने बताया कि शासन द्वारा राज्य में गोमुत्र खरीदी के लिए चार रुपये प्रति लीटर की राशि प्रस्तावित की गई है समूह की महिलाओं के द्वारा गौमुत्र खरीदी के कार्य का संचालन कर गौमुत्र की उपयोगिता को बढ़ावा दिए जाने कारगर प्रयास सुनिश्चित होगा।

### गौमूत्र से कीटनाशक व अन्य उत्पाद समान बनेगा

गौमुत्र की खरीदी महिला स्व.सहायता समूह की मदद से जीवामृत एवं कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किए जाएंगेण्चयनित समूहों को पशु चिकित्सा विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से विधिवत प्रशिक्षण भी दिया जा चूका हैं। गोमुत्र से बनने वाले उत्पाद के मूल्य का निर्धारण करने की व्यवस्था शासन की ओर से जिले पर छोड़ दिया गया है। बाद में उनके मूल्य निर्धारित किए जाएंगे।





# काव्या थापर का नया गाना बारिश के दिन बना इस मौसम में प्यार करने की एक और वजह

**संगीत एक अत्यधिक शक्ति शाली माध्यम है जो हम सभी को मंत्रमुग्ध कर सकता है और हमें जीवन में शांत सुख प्रदान कर सकता है जिसे हम लगातार महत्व देते हैं। हम सभी जानते हैं कि संगीत का एक टुकड़ा बनाने के लिए बहुत प्रयास और ध्यान देने की आवश्यकता होती है।**

**ज़ी म्यूजिक पर गाना रिलीज़**

और जब वह एक भावुक संगीत हमें एकजुट करता है और हमारे सिर में समा जाता है, तो हम तुरंत अपना सिर घुमाने लगते हैं और अभिनेत्री काव्या थापर का नया गीत बारिश के दिन प्यार और सिर्फ प्यार के बारे में है। काव्या का खूबसूरत लुक और करिश्मा लोगों को अचंभित करने में कभी असफल नहीं रहा। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है और उसने अपने नए गाने के बारे में जानकारी दी है, जिसकी सुखदायक धुन और खूबसूरत लोकेशन ने हमें अवाक कर दिया है। यह गीत कुछ इस तरह है जहां काव्य जो काफी जुनून से प्यार करती है, लेकिन एक लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में है, अपने प्यार को छोड़ने के वजहसे काफी दुखी महसूस करती है, लेकिन मानसून का शुक्रिया जो उसकी उड़ान को रद्द कर देता है और उसे अपने प्यार के साथ फिर से मिलाता है। यह शांत संगीत निस्संदेह इस तनावपूर्ण जीवन में आपके पसंदीदा चयनों में से एक होगा। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मेरा गाना रिलीज हो गया क्योंकि मैं हमेशा एक मानसून गाना करना चाहती थी और आखिरकार यह गाना आ गया। मैं मानसून के मौसम की बड़ी दीवानी हूं, मुझे बारिश की सुखद ध्वनि और इसके साथ आने वाली भावनाएं बहुत पसंद हैं। यह निश्चित रूप से बारिश के बारे में मेरे द्वारा सुने गए सबसे अच्छे गीतों में से एक है और इसके बोल इस मौसम के दौरान हम सब को दिल से मेहसूस हने वाले हे। गाने को स्टेबिन बेन ने खूबसूरती से गाया है और जब मुझे गाना ऑफर किया गया तो मैं खुद को हां कहने से रोक नहीं पाई।

# निथिन की 'माचेरला नियोजकावर्गम' में अंजलि अपना जादू दिखाने को तैयार



अभिनेत्री अंजलि, निथिन अभिनीत एक्शन ओरिएंटेड कमर्शियल ड्रामा 'मचेरला नियोजकावर्गम' के लिए अपने डांस नंबर के जारिए दर्शकों पर अपना जादू चलाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अंजलि के लुक का खुलासा किया। पोस्टर में अभिनेत्री को एक आकर्षक पोशाक पहने हुए एक असाधारण सेटिंग में दिखाया गया है। अंजलि और नितिन एक साथ गाने पर डांस करेंगे, जिसे महती सागर ने लिखा है। सुधाकर और निकिता रेड्डी ने श्रेष्ठ मूवीज बैनर के तहत फिल्म का सह-निर्माण किया है। वहीं एम.एस. द्वारा निर्देशित राजा शेखर रेड्डी, फिल्म में फीमेल लीड के रूप में कृति शेट्टी और कैथरीन टेरेसा हैं। 'माचेरला नियोजकावर्गम' 12 अगस्त को रिलीज होगी।

# शमशेरा की कहानी से प्रभावित थीं वाणी कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर शमशेरा के रूप में एक और वाईआरएफ फिल्म के साथ वापस आ गई हैं, जहां उन्हें रणबीर कपूर के साथ जोड़ा गया है, जो मुख्य भूमिका में हैं।

जबकि रणबीर के लिए, स्क्रिप्ट के लिए हां कहना एक नो-ब्रेनर था, वाणी विशेष रूप से फिल्म के निर्देशक करण मल्होत्रा से सुनाए गए कथन से प्रभावित थीं। शमशेरा ऋतिक रोशन-स्टारर अग्निपथ (2012) और 2015 की रिलीज ब्रदर्स के बाद करण की तीसरी फिल्म है, जो हॉलीवुड फिल्म वॉरियर की आधिकारिक रीमेक थी। जब नैरेशन की बात आती है तो निर्देशक में उतनी ही तीव्रता और जुनून होता है और यह उनके रचनात्मक इनपुट में परिलक्षित होता है जो वर्णन के दौरान सामने आता है, जैसा कि वाणी ने बताया था। वाणी ने कहा, करण एक ऐसे निर्देशक हैं जो वर्णन की प्रक्रिया में पूरी लगन से शामिल हैं। पृष्ठभूमि की आवाजें हैं जो वह बनातें है, वह प्रॉप्स के बारे में बात करतें है, और एक दृश्य की एक स्वप्निल तस्वीर पेश करते हैं हालांकि यह अंकित मूल्य पर अजीब लग सकता है, यह वाणी की राय में एक अभिनेता की काफी हद तक मदद करता है।

# साथ निभाना साथिया 2 में शकुनि मामी दीपाली सैनी ने शेयर किया अपना अनुभव

दीपाली सैनी ने लोकप्रिय टीवी शो साथ निभाना साथिया 2 (एसएनएस2) में अपने अभिनय का लुत्फ उठाया। उन्होंने पारिवारिक नाटक में शकुंतला उर्फ शकुनि की भूमिका निभाई, जो शनिवार, 16 जुलाई को ऑफ-एयर होने की संभावना थी। दीपाली कुछ ही महीनों के लिए शो का हिस्सा थीं। स्टार कास्ट बहुत सहायक थी, विशेष रूप से सुहानी दीदी (रोमा बाली), जो मेरी बड़ी बहन की भूमिका निभा रही थी।

वह शो में एक नकारात्मक किरदार निभा रही थी और मैंने उसकी छोटी बहन के रूप में प्रवेश किया। हम बहुत कम समय में बहुत अच्छे दोस्त बन गए। यह मेरा पहला ऐसा शो है जहां इतने कम समय में पूरा परिवार एक



परिवार की तरह नजर आने लगा।वह कहती हैं, इसके अलावा, मेरा निर्देशक बहुत अच्छा था।

वह बहुत सहायक था और अगर मैं ट्रैक से बाहर जाता, तो वह हमेशा मुझे चीजें समझाता। स्पॉट दादा से लेकर प्रोडक्शन टीम तक, हर कोई मुझ पर दया करता था। केवल एक समस्या जिसका मुझे सामना करना पड़ा वह थी कि हमारा सेट बहुत दूर था और बहुत सारे नेटवर्क मुद्दे थे। दीपाली का कहना है कि, यह शो उनके करियर के लिए उत्प्रेरक का काम करेगा और भविष्य में उन्हें अच्छे प्रोजेक्ट्स दिलाने में मदद करेगा।

यह एक अच्छे चैनल पर एक अच्छा शो था। इसका मेरे आने वाले शो पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। साथिया 2 रश्मि शर्मा के साथ मेरा पहला शो था। अब, उसने मुझे अपने अन्य आगामी शो के लिए संपर्क किया है। हां बेशक, करियर के लिहाज से यह एक अद्भुत अनुभव था क्योंकि मैंने एक अच्छा किरदार निभाया था।

## खेल

# 108 साल बाद पुजारा ने रचा इतिहास

### ससेक्स के लिए तीसरी डबल सेंचुरी लगाई, लॉर्ड्स में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बने

चेतेश्वरा पुजारा ने काउंटी में इतिहास रच दिया है। वे बुधवार को ससेक्स के लिए मिडिलसेक्स के खिलाफ इस सीजन का तीसरा दोहरा शतक जड़ा। इसके साथ ही वह 108 साल बाद ससेक्स की ओर से एक सीजन में तीन डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं वह पहले भारतीय भी बन गए हैं, जो क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स में किसी भी स्तर के मैच में डबल सेंचुरी लगाया है।




पुजारा ने 403 गेंदों पर 231 रन की पारी खेली। वह इस मैच में टॉम हेन्स के चोटिल होने के कारण टीम की कप्तानी भी कर रहे हैं। वहीं ससेक्स के कप्तान के रूप तौर पर भी पुजारा का पहले मैच में यह डबल सेंचुरी है इससे पहले इस सीजन में पुजारा ने 387 गेंदों पर नाबाद 201 और 334 गेंदों पर 203 रन की पारी खेल चुके हैं।

काउंटी क्रिकेट के दम पर ही पुजारा की टेस्ट टीम में वापसी हुई थी। खराब प्रदर्शन की वजह से पुजारा को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज से ड्रॉप कर दिया गया था। पुजारा ने टीम से ड्रॉप होने के बाद काउंटी में ससेक्स की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ रिशेड्यूल टेस्ट मैच में टीम में वापसी हुई। पुजारा इस मैच की पहली पारी में सिर्फ 13 रन ही बना सके। हालांकि दूसरी पारी में उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 168 गेंदों में 66 रन बनाए थे, जिसके बाद वह एक बार फिर अपनी काउंटी टीम ससेक्स से जुड़े और पहले मैच में 46 रन बनाकर आउट हो गए थे।

### पुजारा का इस सीजन में 5वां शतक

पुजारा ने इस सीजन में अपना 5वां शतक बनाया है। ससेक्स के लिए खेलते हुए पुजारा इस सीजन में 7 मैचों में 950 से ज्यादा रन बना चुके हैं। उन्होंने ससेक्स के लिए इस सीजन की शुरुआत डर्बीशायर के खिलाफ दोहरा शतक के साथ की थी और इसके बाद वोस्टरशायर के खिलाफ शतक और डरहम के खिलाफ दोहरा शतक बनाया। मई में उन्होंने मिडिलसेक्स के खिलाफ नाबाद 170 रन बनाए थे। वहीं अब मिडिलसेक्स के खिलाफ 231 रन बनाए हैं।

# सितम्बर-अक्टूबर 2023 से हांगझोऊ में होंगे 19वें एशियाई खेल

Olympic Council of Asia

**हांगझोऊ।** चीन के हांगझोऊ में होने वाले 19वें एशियाई खेल स्थगित हो गये थे और अब इनका आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर 2023 के बीच किया जाएगा। एशियाई ओलंपिक काउंसिल (ओसीए) ने यह जानकारी दी। 19वें एशियाई खेलों को मूल रूप से 10 से 25 सितंबर 2022 तक हांगझोऊ में आयोजित करने की योजना थी, हालांकि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने छह मई 2022 को कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण खेलों को स्थगित कर दिया गया था और एक 'टास्क फोर्स' (ईबी) को खेलों की नई तारीखों को अंतिम रूप देने के लिए बनाया गया था।

ओसीए ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि टास्क फोर्स ने पिछले दो महीनों में चीनी ओलंपिक समिति, हांगझोऊ एशियाई खेलों की आयोजन समिति (एचएजीओसी) और अन्य हितधारकों के साथ खेलों की तिथियां निर्धारित करने के लिए विचार-विमर्श किया, जो अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के साथ न टकराये। टास्क फोर्स द्वारा प्रस्तावित तिथियों को ओसीए कार्यकारी बोर्ड द्वारा मंजूरी दी गयी थी।

## एक नजर

# रॉयल रेंजर्स ने तरुण संघा को 6-0 से रौंदा

**नयी दिल्ली ।** भारतीय वायुसेना और रॉयल रेंजर्स ने अपने अपने मैच जीत कर दिल्ली प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में वायु सेना ने प्रभजोत और मोहम्मद आकिब के गोलों से हिंदुस्तान क्लब को 2-1 से परास्त किया। पराजित टीम का गोल परवेज ने किया। दिन के दूसरे मुकाबले में रॉयल रेंजर्स ने तरुण संघा को 6-0 से रौंद डाला। विजेता के लिए



विदित शर्मा ने तिकड़ी सहित चार गोल बनाए। मुज्तबा और अनुपम ने एक एक गोल किए। लगातार दूसरा मैच हारने वाले तरुण संघा ने खेल के हर क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन किया। विजेता टीम की अग्रिम पँक्ति ने आधा दर्जन आसान मौके गंवा कर तरुण संघा की हार का अंतर बड़ा नहीं होने दिया। फुटबाल प्रेमियों को पराजित टीम का आत्मसमर्पण समझ नहीं आया। बुधवार 20 जुलाई को खेले जाने वाले मैचों में सुदेवा को फ्रेंड्स यूनाइटेड से और गढ़वाल को रेंजर्स से खेलना है।

# राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारत को झटका, डोप में फंसीं स्प्रिंटर एस धनलक्ष्मी

**नई दिल्ली ।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलेटिक टीम के चार गुणा 100 मीटर रिले में पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। पिछले वर्ष दुती चंद और बीते माह हिमा दास को 100 और 200 मीटर में हराकर सुर्खियां बटोरने वाली तमिलनाडु की स्प्रिंटर एस धनलक्ष्मी डोप में फंस गई हैं।

वह वर्ल्ड एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) की ओर से कराई गई टेस्टिंग में पकड़ी गई हैं। एआईयू ने धनलक्ष्मी का देश से बाहर आउट ऑफ कंपटीशन सैंपल लिया था। उनके सैंपल में एनाबॉलिक स्टेरायड पाया गया है। उन्हें अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# ज़िम्बाब्वे में तीन वनडे मैच खेलेगी टीम इंडिया

**हरारे ।** आने वाले दिनों में ज़िम्बाब्वे क्रिकेट टीम काफ़ी व्यस्त रहेगी। बांग्लादेश और भारत की टीम जुलाई से अगस्त तक ज़िम्बाब्वे में रहेगी। ज़िम्बाब्वे इस बार के टी20 विश्व कप में क्वालीफ़ाई कर चुकी है। साथ ही वह 28 से 3 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेगी।

इस सीरीज़ से उन्हें टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई वातावरण में अनुकुलित होने का बढ़िया समय मिल जाएगा। इस दौरान वह तीन वनडे मैचों की सीरीज़ खेलेंगे। 18 सालों में यह पहली बार हो रहा है, जब ज़िम्बाब्वे की टीम ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर जाएगी। इससे पहले दोनों टीमों ने एक-दूसरे के ख़िलाफ़ 2014 में एक वनडे मैच खेला था। बांग्लादेशी टीम हरारे में 30 जुलाई से 2 अगस्त के बीच तीन टी20 मैच खेलेगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज़ भी होनी है। इसके बाद 18 से 22 अगस्त के बीच भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच तीन वनडे मैचों की एक श्रृंखला होगी। भारत के ख़िलाफ़ जो तीन वनडे है, वह आईसीसी वनडे सुपर लीग का हिस्सा है। अगले साल भारत में वनडे विश्व कप का आयोजन होने वाला है। इसमें कुल 10 टीमों को हिस्सा लेना है। वनडे सुपर लीग से सात टीमों का चयन होगा।

# अन्नु रानी दूसरी बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में

भारत की जेवलिन थ्रोअर अन्नु रानी दूसरी बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गई हैं। अन्नु ने अमेरिका में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने अंतिम प्रयास में 59.60 मीटर जेवलिन थ्रो कर फाइनल के लिए क्वॉलिफाई किया। अन्नु का पहला थ्रो फाउल रहा। दूसरे प्रयास में वह 55.35 मीटर तक थ्रो कर पाई थीं। फिर आखिरी प्रयास में उन्होंने 59.60 मीटर थ्रो कर फाइनल में अपना जगह पक्का किया।




### ओवर ऑल 8वें स्थान पर रहीं अन्नु

अन्नु 59.60 मीटर थ्रो के साथ ग्रुप बी क्वॉलिफिकेशन में वह पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि दोनों ग्रुप में वह आठवें स्थान पर रहीं। अन्नु का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.82 मीटर रहा है। हालांकि, वह क्वॉलिफकेशन राउंड में 60 मीटर तक भी नहीं फेंक पाई। अन्नु के पास शनिवार को फाइनल में अपने प्रदर्शन में सुधार कर मेडल जीतने का मौका है।

### साल 2019 में भी किया था शानदार प्रदर्शन

अन्नू रानी ने इससे पहले साल 2019 में दोहा में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वॉलिफिकेशन राउंड में आठवें नंबर पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था, लेकिन पदक से चूक गई थीं।

# 131वें डूरंड कप के ट्रॉफी टूर को कोलकाता से दिखाई गई हरी झंडी

**कोलकाता ।** 131वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत के लिए चार शहरों की ट्रॉफी यात्रा को मंगलवार, 19 जुलाई को कोलकाता से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भारतीय सेना की पूर्वी कमान के मुख्यालय फोर्ट विलियम में 'फ्लैगिंग ऑफ़' समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के बिजली मंत्रालय के प्रभारी एवं यूथ सर्विसेज और खेल मंत्रालय के अरूप बिस्वास, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता और पूर्वी कमान मुख्यालय के चीफ ऑफ स्टाफ एवं डूरंड समिति के अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल के.के. रेप्सवाल




मौजूद थे।

टूर्नामेंट के विजेताओं को दी जाने वाली तीन ट्राफियां, डूरंड कप का मूल पुरस्कार, राष्ट्रपति कप और शिमला ट्रॉफी पहले 21 जुलाई को असम के गुवाहाटी पहुंचेंगी, फिर 24 जुलाई को मणिपुर की राजधानी इंफाल में जाएंगी और वहां से 02 अगस्त 2022 को कोलकाता वापस जाने से पहले 27 जुलाई को राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुँचेगी। कोलकाता में ट्रॉफियां का पुराने जमाने के महान फुटबॉलर गोस्थ पाल की प्रतिमा के सामने स्वागत किया जाएगा।

# महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मांगे पूरी नहीं होने पर 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का अल्टिमेटम

कोण्डागांव। मंहगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने सम्बन्धित मांग को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन विभाग के नाम जिला कलेक्टर कोंडागांव के प्रतिनिधि के रूप संयुक्त कलेक्टर दीनदयाल मंडावी को ज्ञापन सौंपा गया ।





विदित हो कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, शालेय शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र दूबे एवं नवीन शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत ने संयुक्त रूप से महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता के लिए मुख्यमंत्री महोदय को मांग पूरी करने की अपील की । साथ ही साथ मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की । इस आंदोलन को अन्य संगठनों का भी समर्थन मिलना प्रारंभ हो गया है । छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह कटारिया एवं शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी का भी समर्थन मिल गया है । छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से पांच दिवसीय आंदोलन को अनिश्चितकालीन आंदोलन में परिवर्तित करने हेतु आग्रह किया जा रहा है । छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा जी के द्वारा बिलासपुर में फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा से मुलाक़ात किया एवं बस्तर संभाग स्तरीय बैठक में भी अनिश्चितकालीन आंदोलन की बात उठीं, परन्तु फेडरेशन द्वारा अपने घोषित रणनीति के तहत पांच दिवसीय आंदोलन पर ही आम सहमति बनी है । ऐसी परिस्थिति में शिक्षकों का संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय निर्णयानुसार मांगे पूरी करवाने के लिए पृथक से अनिश्चितकालीन आंदोलन की रणनीति के तहत आंदोलन करेगा। इस हेतु सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से संगठन के पदाधिकारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन में सम्मिलित होने हेतु अनिश्चितकालीन आंदोलन से जुड़ने के लिए आवेदन भरने के लिए अपील की है । ज्ञापन सौंपते समय छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री चंद्रकांत ठाकुर, प्रांतीय महामंत्री श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, जिला संयोजक अखिलेश राय, जिला सचिव संजय कुमार राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, कर्ण सिंह बघेल, राम सिंह मरापी, प्रभु लाल केमरो, रमेश प्रधान, जिला पदाधिकारी अनीता साहू, सदानंद चतुर्वेदानी, नरेश ठाकुर, फूलधर देवांगन, इरसाद अंसारी, रामेश्वर राव, अशोक साहू, अनिल कोर्राम, राजेंद्र पांडे, अमलेश बारले, शैलेश साहू, नीतेश शर्मा, सुकू नेताम, मोहन बोगा, मंगू राम नेताम, फूल सिंह नेताम, कैलाश सिन्हा आदि अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

# 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक जिले में बुस्टर डोज हेतु चलाया जायेगा अभियान

## आगामी 10 दिनों में 1400 सेशन लगाकर किया जायेगा टीकाकरण

**कोण्डागांव** । छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 टीआर कुंवर के मार्गदर्शन में जिले में कोविड-19 से रक्षा हेतु कोविड टीकाकरण एवं बुस्टर डोज लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार आजादी के 75 वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 15 जुलाई से 30 सितंबर तक महोत्सव के रूप में महाभियान चलाकर 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों को कोविड-19 का बुस्टर डोज नि:शुल्क लगाया जा रहा है।





यह महोत्सव 75 दिन का होगा। जिसमें लक्ष्य को पूर्ण करना होगा। लाभार्थी कोविड-19 टीकाकरण के लिये द्वितीय डोज लेने के 06 माह या 26 सप्ताह पूर्ण होने पर ही बुस्टर डोज के लिए पात्र होगें। इस हेतु विकासखण्ड स्तर पर इस कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। कोई भी हितग्राही इस टीकाकरण से वंचित न रह जाये इसके लिए विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये हैं। वर्षा ऋतु होने के कारण टीकाकरण में समस्या होने पर स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा अन्य स्थानों जैसे बाजार-हाट, घर, खेत खलिहान, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों इत्यादि स्थानों पर टीम बनाकर लक्ष्य पूर्ण करने कहा गया। अब तक जिला कोण्डागांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा 12 वर्ष से 60 वर्ष एवं 60 वर्ष से अधिक में कुल 489652 व्यक्तियों को कोविड-19 का प्रथम डोज एवं 449894 व्यक्तियों को द्वितीय डोज लगाया जा चुका है। जिसमें सभी विकासखण्डों में 22 जुलाई को 285, 23 जुलाई को 250, 24 जुलाई को 26, 25 जुलाई को 178, 26 जुलाई को 146, 27 जुलाई को 174, 28 जुलाई को 68, 29 जुलाई को 146, 30 जुलाई को 101 एवं 31 जुलाई को 26 कुल 1400 सेशनों के माध्यम से अधिक से अधिक टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

# बड़ेकनेरा में गौमूत्र क्रय एवं उत्पाद निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## शासन के निर्णयानुसार गौमूत्र खरीदी पूर्व समूहों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं डॉ0 शिशिरकांत पाण्डे के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना योजना अंतर्गत बुधवार को गौमूत्र खरीदी के संबंध में ग्राम बड़ेकनेरा में गौमूत्र क्रय एवं उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि योजना अंतर्गत गोबर खरीदी के पश्चात अब छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गौपालन को लाभदायी बनाने हेतु गौमूत्र खरीदने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी विकासखंड फरसगांव डॉ अल्का ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया गया कि छत्तीसगढ़ की गाय प्रतिदिन औसत 07 लीटर मूत्र



विसर्जित करती है। जिसका उचित तरीके से संग्रहण करने पर 04 रुपये प्रति लीटर की दर से शासन द्वारा खरीदी की जावेगी। इस प्रकार संग्रहित गौमूत्र से समूह की महिलाओं द्वारा कीटनियंत्रण, जीवामृत, बीजामृत, ब्रम्हास्त्र बनाये जाएंगे। जिसका उपयोग जैविक खेती को बढ़ावा देने में किया जाएगा।

इस संबंध में प्रभारी पशुचिकित्सालय कोण्डागाँव डॉ नीता मिश्रा ने बताया गया कि बाजार में पतंजलि, हनीबूल जैसे कम्पनी के गौमूत्र 120-450 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध है। अत: परिस्थितियों को देखते हुए गुणवत्ता पूर्ण गौमूत्र उत्पाद का निर्माण किया जाना उचित होगा। जिला कोण्डागांव में जैविक उत्पादों की जनक मानी जाने वाली वेदेश्वरी शर्मा, संचालिका कामधेनु गौशाला बड़ेकनेरा के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर अत्यंत सरल मातृभाषा हल्बी में जीवामृत, बीजामृत, घनामृत, कीटनियंत्रक बनाने की विधि बताई गई एवं गौशाला का भ्रमण करवाया गया। जहां बनाये जा रहे कीटनियंत्रक का अवलोकन भी किया गया।

उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं द्वारा जैविक खेती का महत्व बताते हुए समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि रसायनिक खाद एवं उर्वरक से पैदा किये जाने वाले उत्पाद धीमे जहर की तरह होते है जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को जन्म देते है। अत: जिले को जैविक जिला बनाने हेतु गोधन न्याय योजना से जुड़कर अधिकाधिक जैविक खाद का उपयोग करने का प्रयास करें।

# महापौर ने ली विभाग प्रमुखों की बैठक, कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव** । महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में तकनीकि अधिकारियों एवं विभागीय प्रमुखों की बैठक लेकर निर्माण कार्य, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महापौर श्रीमती देशमुख ने बैठक में अमृत मिशन के शेष कार्यो में तेजी लाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इंटर कनेक्शन एवं नल



कनेक्शन करने के कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण करे, जहॉ नया नल कनेक्शन लग चुका वहा से पुराना कनेक्शन काटा जाये, ताकि व्यर्थ पानी न बहे और यह कार्य वार्ड नं. 01 से प्रारंभ किया जावे तथा संबंधित वार्ड के पार्षद से कार्य प्रमाणित कराया जावे। उन्होंने कहा कि पाईप लाईन विस्तार के कारण जहॉ जहॉ गड्ढे है उसे तुरंत फिलिंग कराये, ताकि बरसात का पानी न भरे इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देकर करे। महापौर श्रीमती देशमुख ने सभी उप अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड में स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ कराये, जो कार्य चल रहे है उसमें तेजी लाकर अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराये तथा प्रतिदिन निर्माण कार्यो की मानिटरिंग करें। साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता व समय सीमा का ध्यान रखा जाये।

# शिविरों के माध्यम से सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र कार्य में लाए प्रगति- कमिश्नर

## अनुसूचित जनजाति के समाज प्रमुखों की बैठक

**कोण्डागांव।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने कहा कि राजस्व अधिकारी बड़े-बड़े गाँवों में शिविर आयोजित कर सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य आवश्यक प्रगति लाए। उन्होंने कहा कि बस्तर अधिसूचित क्षेत्र है सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र के लिए कोई साक्ष्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले के लिए सामान्य सभा से संकल्प पत्र जारी करवाकर या ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्रामसभा का प्रस्ताव पर कार्यवाही कर प्रमाण पत्र जारी किया जाए। कमिश्नर श्री धावड़े आज कोण्डागाँव के जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति के समाज प्रमुखों से परिचर्चा कर रहे थे। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व अधिकारी बड़े-बड़े गांवों



में शिविर आयोजित कर सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य को 15 सितंबर तक जिले में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों का सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग मिलकर पूरा करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री धावड़े ने कहा कि पात्र हितग्राही को ग्रामसभा के माध्यम से समाज प्रमुख सहयोग करें। उन्होंने ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को उनके संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।

परिचर्चा में कोण्ड़ागाँव जिले के सर्व आदिवासी समाज, गोंड, मुरिया, भतरा, गोड़, हल्बा, पारधी, कोया, राजगोड़ के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवचन्द मतलाम, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेमप्रकाश शर्मा, डीएफओ श्री उत्तम गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती माधुरी सोम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समाज प्रमुखों ने पूरे जिले में देवगुड़ी-मातागुडी का जीर्णोद्धार के विकास में एकरुपता होने की माँग की। कमिश्नर ने कहा कि देवगुड़ी के सेवक, बैगा, सिरहा, गायता, आट पहरियाँ, बाजा मोहरिया, माँझी चालकी को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मज़दूर न्याय योजना का लाभ देने के लिए पंजीयन कार्य को जल्द पूर्ण करें। देवगुडी-मातागुडी के ज़मीन को देवस्थल को कैफ़ियत कालम में दर्ज कर राजस्व रिकार्ड में अद्यतन कर समाज प्रमुखों या बैगा-पुजारी को कॉपी दिया जाए।

# बाईक रैली को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हरी झंडी दिखाकर हैद्राबाद के लिए रवाना किया

**राजनांदगांव** । जैसा कि सभी को विदित है कि, हम पुरे भारत वर्ष में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं जिसके तहत रेलवे सुरक्षा बल/दपुम रेलवे द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा पंकज वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रे.सु.ब., नागपुर के मार्गदर्शन में एवं एस डी देशपांडे, सहायक सुरक्षा आयुक्तआ/रेसुब नागपुर के निर्देशन में आज दिनांक 21.07.2022 को बुलेट रैली बिलासपुर , रायपुर मण्ड?ल होते हुए से नागपुर मण्डआल पहुंची जिसका स्वोगत श्री मनिंदर उप्पल, मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर महोदय द्वारा उक्त बाईक रैली राईडर का पुष्प, गुच्छल देकर स्वाडगत किया गया एवं सभी बाईक राईडर को ष्ठक्र्रूमहोदय द्वारा आगे के सफर हैद्राबाद के लिए उन्हें रवाना कर प्रोत्साािहत किया गया । तीनों मंडलों की एक संयुक्त बुलेट रैली को मनिंन्ददर उप्पतल महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर हुसैन सागर



हैदराबाद के लिए रवाना किया। रेलवे सुरक्षा बल बुलेट राइडर टीम को समायोजित कर इनको टीम को 15 अगस्त 2022 के आयोजन में सम्मिलित होने के लिए देश की राजधानी नई दिल्ली भेजा जाएगा जो रेलवे सुरक्षा बल की तरफ से उक्त कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस बुलेट रैली कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान वरिष्ठब रेलवे पदाधिकारियों के अलावा रेलवे सुरक्षा बल तथा अन्य रेलवे विभाग के सहकर्मी बुलेट राइडर्स टीम के प्रोत्साहन हेतु उपस्थित थे।

## एक नजर

### कलेक्टर श्री सोनी ने ईव्हीएम वेयर हाऊस का किया निरीक्षण

#### सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



**कोण्डागांव** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी ने गुरूवार को शासकीय पीजी कॉलेज परिसर स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाऊस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने उक्त वेयर हाऊस में विद्युत आपूर्ति बंद रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल की जानकारी ली और इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री केएल नेताम एवं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति के समर्थन में रहेंगे हड़ताल पर

**कोण्डागांव** । प्रदेश के सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2022को आयोजित विधानसभा घेराव का छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन पूर्ण समर्थन करता है ।और सभी साथियों से अपील करता है। कि चाहे किसी भी संघ से संबंध रखता हो संघीय सीमाओं से ऊपर उठकर जायज मांग के लिए अधिक से अधिक संख्या में रैली में जरूर शामिल होवें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ गिरीश केसकर ने कहा कि सही मायने में प्राथमिक शिक्षा पूरी शिक्षा व्यवस्था की नीँव है ।और प्रदेश के सहायक शिक्षक ,शिक्षा जगत की मां के समान है। शासन को प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति को अविलंब दूर करनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पवन साहू, प्रांतीय संयुक्त संगठन सचिव श्रीमती दीपमाला वैष्णव, बस्तर प्रभारी संतोष निषाद एवं जिलाध्यक्ष जीवन पांडे ने बस्तर संभाग एवं प्रदेश के संगठन से सम्बद्ध रखने वाले साथियों से अधिक से अधिक संख्या में रायपुर पहुंचने हेतु अपील किया है।



### जिला अस्पताल में ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट पद पर संविदा भर्ती हेतु 11 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव** । जिला अस्पताल कोण्डगाांव में डीएमएफ से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ऑकुपेशनल थेरेपिस्ट के पद पर संविदा भर्ती हेतु आगामी 11 अगस्त 2022 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। उक्त भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी तथा ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया जिले की वेबसाईट www.kondagaon.gov.in पर लॉगिन कर देखी एवं पूरी जा सकती है।

### राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार हेतु 08 अक्टूबर नामांकन आमंत्रित

**कोण्डागांव** । छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा वर्ष 2021 के तहत् राष्टीय वीरता पुरस्कार प्रदाय करने के लिए 08 अक्टूबर 2022 तक आवेदन पत्र नामांकन सम्बन्धित बालक-बालिकाओं से जिले में पदस्थ बाल विकास परियोजना अधिकारी अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोण्डागांव में आमंत्रित किया गया है। नामांकन तथा आवेदन पत्र के साथ संबन्धित बालक-बालिकाओं के शौर्य कार्य किये जाने संबन्धी विवरण सहित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है। शौर्य एवं साहस प्रदर्शन तिथि को बालक या बालिका की आयु कम से कम 06 वर्ष तथा अधिकतम 18 वर्ष होना चाहिए और शौर्य-साहस की घटना 1 जुलाई 2021 से 30 सितम्बर 2022 के मध्य घटित होना चाहिए। इस हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अंग्रेजी में प्रतिपूरित करना होगा तथा आवेदन पत्र के साथ घटना से संबन्धित जिला कलेक्टर की अनुशंसा पत्र, एफआईआर या पुलिस डायरी की छायाप्रति, समाचार पत्रों की कतरनें, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट साईज के वर्तमान के दो नग रंगीन फोटोग्राफस, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित 4 अतिरिक्त फोटो एवं घटना का विस्तृत विवरण तथा नामांकन तीन प्रतियों में भरकर प्रस्तुत करना होगा। राष्टीय वीरता पुरस्कार के अंतर्गत पुरस्कृत बालक-बालिका को मेडल, प्रशस्ति पत्र सहित नकद सम्मान निधि प्रदान किया जायेगा। उक्त पुरस्कार संबधी विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय तथा कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कोण्डागांव में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

### केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा ई डी के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन आज

**राजनांदगांव** । केन्द्र की मोदी सरकार के तानाशाही रवैये, केन्द्रीय एजेंसियों (प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई व आईटी) का दुरूपयोग,संवैधानिक संस्थाओं का अनुचित इस्तेमाल विपक्ष की आवाज दबाने में कर रही है। देश के प्रमुख विपक्षी भारतीय राष्टीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राष्टीय अध्यक्षा आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष माननीय श्री राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दुर्भावनावश पूछताछ के लिए बुलाया जाना मोदी सरकार की विपक्ष विरोधी मानसिकता का परिचायक है। इसका कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता पुरजोर विरोध करता है।

### महिला समूहो को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौठानों को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा-कलेक्टर

**कांकेर** । डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कृषि विज्ञान केन्द्र, मत्स्य पालन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से गौठानों में मुर्गी पालन, मछली पालन, कड़कनाथ मुर्गी पालन, मशरूम एवं लाख उत्पादन, कोदो-कुटकी, रागी प्रोसेसिंग यूनिट के द्वारा समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। गौठानों में किसानों एवं पशुपालको से गोबर बेचने के लिए प्रेरित करें, जिससे स्व-सहायता समूह के महिलाओं को वर्मीकम्पोस्ट बनाने से अच्छी आमदनी मिल सके। जिले के 395 गौठान में से 15 गौठानों को चिन्हाकित कर मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया।

संबंधित कार्यों की सूची तो रखिए श्रीमान जी

# बम्हनीडीह में बैठक लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दी समझाइश, कार्यों में प्रगति लाइए

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार दौरा कर रहे हैं। वे फील्ड पर जाकर वस्तुस्थिति देखने के विकासखण्ड स्तरीय अधिकरियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा भी कर रहे हैं। इस दौरान कार्यों में प्रगति नहीं दिखने पर न सिर्फ नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। अपितु समय-सीमा तय कर समझाइश देकर अगली बार की बैठक में दिए गए टास्क को पूरा करने के निर्देश भी दे रहे हैं। बैठक में विभागीय कार्यों की जानकारी नहीं रखने पर संबंधित अधिकारी का नाम भी नोट कर अपने पास रख रहे हैं। इसी कड़ी में आज जब उन्होंने बम्हनीडीह विकासखण्ड क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा करने जनपद सभाकक्ष में बैठक ली तो एक अधिकारी बिना किसी जानकारी के उपस्थित थे। कलेक्टर ने जब उनसे कई जानकारियां पूछी तो वे ठीक से बता नहीं पा रहे थेए इतने में कलेक्टर ने उनसे कहा संबंधित कार्यों की सूची तो अपने पास रखिए श्रीमान जी। कलेक्टर ने विभागीय जानकारी नहीं रखने वाले अधिकारियों पर गहरी नाराजगी भी जताई और कहा कि आप सभी अपने विभागीय कार्यों की सूची अपने पास रखा करें। विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम और तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशितकिया कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय पर करें। सीमांकन, बटांकन, नामान्तरण, ऋ ण पुस्तिका और राजस्व संबंधी कार्यों के लिए किसी भी ग्रामीण, आमनागरिकों को परेशान न करते हुए समय.सीमा के भीतर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पटवारियों को समय पर मुख्यालयों में उपस्थित करानेए स्कूलों में विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों को बनाने की प्रक्रिया को समय पर पूरा कराते हुए वितरण के लिए निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समझाइश दी कि शासन की योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन तथा आम जनता के



समस्याओं का निराकरण पहली प्राथमिकता है। यहां के लोग अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुचते हैं। जब आप सभी अधिकारी अपने मुख्यालय में रहना और कार्यालयीन समय पर दफ्तर आना सुनिश्चित करेंगे तो किसी को यहां से जाना नहीं पड़ेगा। कलेक्टर सिन्हा ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गाँधी कृषि मजदूर भूमिहीन न्याय योजनाए धान के बदले अन्य फसल लेने की जा रही तैयारीए राजीव युवा मितान क्लब के गठन की जानकारी ली। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी और बीएमओ को निर्देशित किया कि कुपोषण के शिकार बच्चों और गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन जांच कर स्वस्थ बनाने विशेष अभियान चलाए। उन्होंने आंगनबाड़ी में गरम भोजन प्रदान करने तथा पौष्टिक आहार वितरण के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्व.सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों को स्कूल, छात्रावासों, आश्रम, आंगनबाड़ी सहित स्वास्थ्य केंद्रों में क्वालिटी और कीमत देखकर क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठानों मे संचालित गतिविधियों की जानकारी ली और यहां मत्स्य पालन, मुर्गी पालनए बकरी पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीईओ और बीआरसी को निर्देशित किया कि वे शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए।

स्कूल में समय पर शिक्षक अनिवार्यतः पहुंच जाए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अपूर्ण कार्यों को समय पर कराने की दिशा में कार्य करें। कलेक्टर सिन्हा ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दे और शिक्षाए स्वास्थ्य, पोषण, किसानों से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही बिल्कुल भी न करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि आप सभी मुख्यालय में रहे और समय पर कार्यालय पहुंचे। सोमवार को जनता की समस्याओं को सुने।

कलेक्टर ने गौठान, धन्वंतरि मेडिकल दुकान, आंगनबाड़ी और अस्पताल का किया निरीक्षण

कलेक्टर सिन्हा ने बम्हनीडीह विकासखण्ड में आज अफरीद गौठान का निरीक्षण किया। यहां गौठान समिति के अध्यक्ष पारसनाथ राठौर और स्व.सहायता समूह के सदस्यों से चर्चा करते हुए आजीविका के साधन विकसित करते हुए आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में आगे बढ़ने कहा। उन्होंने गौठान में गायों की उपस्थिति बढ़ानेए गोबर बिक्री बढ़ाने सहित गौठान को सुव्यवस्थित बनाने कहा। कलेक्टर ने बम्हनीडीह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया और बीएमओं को निर्देशित किया कि यहां सफाई व्यवस्था दुरस्त रहे, चिकित्सक सहित सभी स्टॉफ समय पर आए ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। कलेक्टर ने चाम्पा, सारागांव और बम्हनीडीह में धन्वंतरि मेडिकल दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने सस्ती दर पर मिलने वाली दवाइयों की बिक्री बढ़ाने व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र पचोरी का भी निरीक्षण किया और बच्चों की संख्या को बढ़ाने तथा बच्चों को पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए।

एक नजर

## संभागायुक्त डॉ.अलंग ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जनजाति समाज प्रतिनिधियों से की चर्चा

जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं का समाधान के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग ने आज बिलासपुर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभिन्न जनजाति समाज प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। डॉ.अलंग ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप जनजाति समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जुड़े समाज प्रमुखों ने मात्रात्मक त्रुटियों एवं मिसल रिकॉर्ड के अभाव में जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर रानू साहू ने ग्राम सभा की अनुमोदन से जाति प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सहज रूप से समझने की सुविधा के उद्देश्य से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सरलीकरण निर्देश के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मात्रात्मक त्रुटियों वाले प्रकरणों का प्रस्ताव तैयार कर संभागायुक्त के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा, जिससे उन पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, सहायक आयुक्त आदिवासी अविनाश श्रीवास, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित पठारी समाज से मेघनाथ जगत, विजय नेताम व एम.एल.मरावी, नगेसिया समाज से भरत लाल व नवरतन, उरांव समाज से लच्छीराम, बिरहोर समाज से केंदराम, राजगोंड़ समाज से बिनोद कुमार, संवरा समाज से रोहित सिदार एवं पीएल सिदार, झारा समाज से भोगीलाल व धनीराम, पाव पबिया समाज से नारायण प्रसाद सिदार उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**गौरेला पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के 543 प्राथमिक विद्यालयों में स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम 5 जुलाई 2022 से प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिक शालाओं के बच्चो का सर्वांगीण विकास करने के लिए खेल-कूद के माध्यम से पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर यूनिसेफ के श्री विकास भदौरिया के द्वारा मास्टर ट्रेनरों का 4 दिवसीय प्रशिक्षण 19 जुलाई से 22 जुलाई 2022 तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) पेण्ड्रा में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के तीनों विकासखण्ड से मास्टर ट्रेनर शामिल हो रहे है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के पढ़ाई, स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके जीवन कौशल में भी उन्नयन होगा।

## विधानसभा अध्यक्ष व सांसद तीन दिवसीय प्रवास पर

बिसाहू दास महंत की 44 वीं पुण्यतिथि व अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत 22 से 24 जुलाई तक जांजगीर-चांपा, कोरबा व गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान डॉ. महंत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई को दोपहर 1 बजे रायपुर से प्रस्थान कर ग्राम रोहदा विकासखंड बम्हनीडीह, जिला जांजगीर-चाम्पा पहुंचेंगे। शाम 4.00 बजे ग्राम रोहदा में नवनिर्मित मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.00 बजे ग्राम सारागांव में को-ऑपरेटिव बैंक के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम के बाद 23 जुलाई को सुबह 8 बजे बीडीएम स्कूल सारागांव द्वारा आयोजित स्व. बिसाहूदास महंत के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 8.45 बजे मार्केटिंग सोसायटी द्वारा आयोजित स्व. बिसाहूदास महंत के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 9.30 बजे बीडीएम हास्पिटल में स्व. बिसाहूदास महंत सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सुबह 10 बजे स्व. बिसाहूदास महंत इंडोर स्टेडियम में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 10.15 बजे केराझरिया तपसी धाम में तपसी बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित स्व. बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि पर लक्षनपुर चौक चाम्पा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 11 बजे नगर पालिका सक्ती द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 11.30 बजे सक्ती से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सीएचसी सारंगढ़ में हुयी स्वास्थ्य विभाग की बैठक

सीएमएचओ ने सारंगढ़ में बढ़ रहे उल्टी-दस्त के प्रकरणों की रोकथाम पर दिए आवश्यक निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी की उपस्थिति में विकासखंड सारंगढ़ में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ के समस्त चिकित्सा अधिकारी, सेक्टरइंचार्ज, सुपरवाइजर की बैठक हुई। इस मौके जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला आईडीएसपी नोडल अधिकारी द्वारा एवं जिला सलाहकार भी मौजूद रहे। जिसमें समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। बैठक में जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े की प्रगति, हेल्थ वेलनेस सेंटरों की कार्यो की प्रगति, गैर संचारी रोग संबंधी की उपलब्धि की समीक्षा एवं अन्य सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार निर्देश दिए गए। विकासखंड सारंगढ़ में बढ़ रहे उल्टी-दस्त के प्रकरणों के संबंध में इलाज संबंधी एवं प्रकरण को रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसीर व डायरिया प्रभावित गांव बटाउपाली का भी निरीक्षण किया गया। जहां समस्त ग्रामवासियों को उल्टी-दस्त से बचने के उपाय, साफ-सफाई, पानी को उबाल कर व क्लोरिन डालकर पीने एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के बारें में जानकारी देकर सुरक्षा के उपायों को अपनाने हेतु अपील किया गया। विभाग के कर्मचारियों को सतत् निगरानी रखते हुए घर-घर भ्रमणकर एवं कैंप लगाकर आवश्यक दवाईयों के वितरण एवं संधारण करने निर्देश दिये गये तथा नये प्रकरण प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यकतानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### पीएचसी कोसीर व डायरिया प्रभावित गांव बटाउपाली का भी किया निरीक्षण



## स्थानांतरण के बावजूद ग्राम सचिव को सरपंच अपने निजी स्वार्थ सिद्ध कर रोकने को अड़ा

पंचों का सहारा लेकर अधिकारियों पर बना रहा दवाब

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



पत्थलगांव के ग्राम शेखरपुर के सरपंच द्वारा जिला पंचायत द्वारा सचिव के स्थानांतरण आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ग्राम पंचायत शेखरपुर के सचिव सुमिल कुमार चौहान का ग्राम पंचायत बालाझार में स्थानांतरण आदेश के बाबजूद सरपंच उसे कार्यमुक्त करने के बजाए पंचों को आगे कर सचिव का स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। सरपंच द्वारा स्थानांनतरित हुवे सचिव सुमिल चौहान के कार्यकाल की सराहना करते हुए ग्रामीणों द्वारा उन्हें पंचायत में ही रखने का हवाला दिया जा रहा हैं। इससे प्रशासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश की मंशा पर पानी फि र रहा है। सूत्रों के मुताबिक विगत वर्षों में शेखरपुर पंचायत में कराए गए अनेकों निर्माण कार्य एवं कोरोना काल मे अनियमित तरीके से पैसों की फिजूलखर्ची को दबाए रखने की वजह से सचिव को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किये जाने हेतु बनाये जा रहे बेवजह दवाब को सरपंच के निजी स्वार्थ से जोड़कर देखा जा रहा है। पंचायत में सचिव की समस्त कार्यो में सरपंच के साथ भागीदारी की वजह से स्थान्तारण रुकवाने बनाये जा रहे दवाब से सरपंच सचिव दोनों पर स्वार्थ सिद्धि करने की नीयत से प्रेरित होने का आरोप लग रहा है। सरकारी आदेशों की अव्हेलना करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सहयोग करने के बजाए एनकेन प्रकारेण सचिव को गांव में ही यथावत रखने जिस तरह के दांव खेले जा रहे हैं उससे इस पंचायत में हुवे व्याप्त भ्रष्टाचार की फ ाइल कहीं नए सचिव के आने से न खुल जाए इसको लेकर सरपंच सचिव दोनों के ही मन में डर समाये जाने की बात कही जा रही है। बहरहाल यदि प्रशासनिक व्यवस्थाओं के तहत किसी ग्राम पंचायत सचिव का स्थानांतरण जिला प्रशासन द्वारा किया जाता है तो ऐसे में कम से कम सरपंच एवं ग्रामीणों को प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित तरीके से लागू करने के लिए उनके आदेशों के खिलाफ नहीं जाना चाहिए। सरपंच द्वारा स्थानांतरित हुवे सचिव को ज्वाइन नहीं कराया जा रहा हैए साथ ही स्थानांतरण आदेश को रोकने हेतु आवेदन दिया गया है। इस मामले में जिला पंचायत के समक्ष पत्र व्यवहार कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

## द्रोपति मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर ढोल नगाड़े के साथ पटाखे फोड़कर मनाई खुशियां

छत्तीसगढ़ के युवा भूपेश सरकार में रोजगार के लिए भटक रहे हैं - लोकेश

**जगदलपुर ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की चित्रकोट विधानसभा स्तरीय बैठक तोकापाल में संपन्न हुई बैठक में कांग्रेस सरकार के द्वारा युवाओं से की जा रही वादा खिलाफी के विरोध में होने जा रहे 24 अगस्त तक के आंदोलन धरना प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों की कार्य योजना के विषय पर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। बैठक के पश्चात द्रोपति मुर्मू के राष्टपति बनने पर ढोल नगाड़े व पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई गई।

इस बैठक पर मुख्य रूप से उपस्थित हुए बस्तर जिला के प्रभारी लोकेश कावड़िया ने कहा की अब समय आ गया है चित्रकूट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्थानीय कांग्रेस के विधायक और यहां के सांसद से युवाओं से हो रही वादा खिलाफी को जल्द पूरा करने के लिए हुंकार भरे, स्थानीय कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अब युवाओं से दूर भाग रहे हैं ताकि स्थानीय युवा इनसे अपनी मांगों को पूरा करने की कोशिश ना कर पाए। बैठक में पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप,पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप,भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अविनाश वास्तव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, जिला महामंत्री वेद प्रकाश पांडे जिला पंचायत सदस्य रैतु बघेल, संग्राम सिंह राणा,नारायण ठाकुर, नरसिंह ठाकुर,रितेश दास जोशी, लच्छीन यादव, बसंत कश्यप, महादेव कवासी, देवी प्रसाद बेंजाम,संतोष ठाकुर सहित भाजपा,भाजयुमो के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आप ढाई घण्टे लेट आएंगे तो मरीज का इलाज कैसे होगा

सुबह 8 बजे आना था, 10.30 तक अस्पताल नहीं पहुंचे थे डॉक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने चांपा स्थित स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 10ण30 बजे जब उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफके उपस्थिति पंजी की जाँच की तो 2 चिकित्सक अनुपस्थित मिले।



स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर सिन्हा ने डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और कहा कि चाम्पावासियों के लिए शासन ने इतना बेहतर अस्पताल मुहैया कराया है। आसपास सहित दूरदराज के गरीब और जरूरतमंद मरीज बड़ी ही आस और उम्मीद के साथ यहां उपचार कराने आते हैं। चिकित्सकों को भगवान माना जाता है। आप यहां के चिकित्सक है और आप के खातिर ही मरीज स्वस्थ् होने आते हैं। सुबह 8 बजे का समय निर्धारित है। लेकिन आप ढाई घण्टे बाद 10.30 बजे आ रहे हैं। ऐसे में मरीजों का इलाज कैसे होगाघ् कलेक्टर ने अस्पताल और चिकित्सक की गरिमा का ख्याल रखते हुए समय पर आने तथा मरीजों का बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने स्वर्गीय बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सालय का दूसरी बार औचक निरीक्षण किया। यहां आते ही उन्होंने सबसे पहले चिकित्सकों और अन्य स्टाफकी उपस्थिति की जांच की। कलेक्टर ने पाया कि डॉ अनिता और डॉ सरिता यहाँ समय पर उपस्थित नहीं थी। उन्होंने कार्यवाही के निर्देश देते हुए मरीजों के वार्ड, शौचालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने कहा और यहां की सफाई व्यवस्था तथा यहां आने वाले मरीजों को शासन की योजनाओं के तहत लाभान्वित करते हुए बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में मरीज बहुत उम्मीद के साथ अपना उपचार कराने आते हैं। उन्हें यहां पर्याप्त सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चाम्पा की अपनी अलग पहचान है। यहाँ इलाज की बेहतर सुविधाएं जरूर मिलनी चाहिए। वे चिकित्सालय की कमियों को दूर करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए पैसे की कोई कमी नहीं होने की बात कही। गौरतलब है कि कलेक्टर सिन्हा ने इस अस्पताल का एक सप्ताह पहले 15 जुलाई को ही निरीक्षण किया था और यहाँ की अव्यवस्था को सुधारने तथा सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने चिकित्सालय को अपग्रेड करते हुए आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए भी आवश्यक निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए थे।

### ओपीडी कम क्यों, थोड़ा तो ईमानदारी दिखाइए

कलेक्टर ने जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारागांव का आकस्मिक निरीक्षण किया तो उन्हें यहां भी चिकित्सक सहित अन्य के विरुद्ध समय पर अस्पताल नहीं आने की शिकायत मिली। कलेक्टर ने मौके पर मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित किया कि आप और आपका स्टाफसमय पर आना सुनिश्चित करे।

यहां ओपीडी की संख्या बहुत कम होने पर कलेक्टर सिन्हा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आपके क्षेत्र के लोग बीमार होकर निजी चिकित्सक के पास जा रहे हैं। शुल्क दे रहे हैं और दवाइयां भी पैसे देकर खरीद रहे हैं। जबकि शासकीय अस्पताल में आप जैसे प्रशिक्षित और काबिल चिकित्सक है। मुफ्त में दवाइयां दी जा रही है। आप लोग यदि समय पर अस्पताल आएंगे तो बीमारी का इलाज कराने इस क्षेत्र के लोग निजी डॉक्टर के पास क्यों जाएंगे। आप ईमानदारी दिखाइए। सेवा कीजिए और यहां के लोगों के लिए चिकित्सक के रूप में इलाज कर भगवान जैसा बनिए। कलेक्टर ने यहाँ टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# कोयला लोड भारी वाहनों से स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर शहरवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## भारी वाहनों की आवाजाही से बड़ा हादसा होने का अंदेशा

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखा जा रहा है स्कूली बच्चों के सुरक्षा को लेकर आज बंग समाज कल्याण समिति के बैनर तले शहर वासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में कोयले से भरे वाहनों पर शहर प्रवेश को लेकर रोक लगाए जाने की मांग की गई है।



शहरवासियों का कहना है कि कोयले से भरे वाहन और उनकी तेज रफ्तार की आवाजाही से शहर में बड़ा हादसा होने का खतरा बढ़ गया है। विदित हो कि 22 मार्च 2022 से जामपाली एसईसीएल खुली खदान से कोयला लोड करते हुए रायगढ़ रोड से कई गांव होते हुए नगर पंचायत धरमजयगढ़ के बीच से होते हुए खरसिया से धरमजयगढ़ रोड के रेलवे स्टेशन प्रेम नगर मे कोयला डंपिंग किया जा रहा है। धरमजयगढ़ विकासखंड के अलग-अलग गांव के हजारो की संख्या में स्कूली छात्र धरमजयगढ़ के आत्मानंद स्कूल, गल्स स्कूल, सिटी पब्लिक स्कूल,उर्रसु लाईन इंग्लिस मीडियम स्कूलए ज्योति बिद्या मंदिरए सहित अन्य और कई प्राइबेट स्कूल में बच्चे पढ़ाई करने के लिए आते हैं। स्कूल आने जाने के समय भारी वाहन और वाहनों की तेज रफ्तार स्कूली बच्चों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। वाहनों की तेज रफ्तार तथा उनसे गिरने वाले डस्ट अक्सर स्कूली बच्चों के ऊपर गिरता है तथा जर्जर सड़कें और सड़कों पर उड़ती धूल से भी स्कूली बच्चे और राहगीर परेशान है इसलिए शहरवासियों की मांग है कि इन वाहनों पर स्कूली बच्चों के आने जाने के वक्त रोक लगाई जाए।

### सड़क हादसों को लेकर लोग हो रहे सचेत

रायगढ़ जिले में सड़क हादसे की घटनाएं प्रदेश में अव्वल है हाल ही में कई घटनाएं सामने आई है जिसमें तेज रफ्तार की चपेट में आने से स्कूली बच्चों को अपनी जान गवानी पड़ी है ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए धर्मजयगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता एवं जागरूक नागरिक सचेत है एवं हादसों को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल कर रहे हैं इन दिनों जाम पाली एसईसीएल की खुली खदान से निकलने वाली कोयले की गाड़ियां हादसों को न्योता दे रही है। पिछले दिनों छाल क्षेत्र में कोयले की गाड़ी से एक महीने के अंदर 3 ग्रामीणों का मृतु हो चुका है। जिस तरह धरमजयगढ़ शहर के बीचों बीच बड़ी गाड़ियों का आवागमन देखा जा रहा है उससे सहज ही या संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने जाने वाले स्कूली बच्चे वाहन चालकों की लापरवाही से किसी बड़े हादसे के चपेट में आ सकते हैं।

### स्वच्छ वातावरण पर सबका अधिकार

देश के कानून और संविधान ने सब को स्वच्छ वातावरण में जीने का अधिकार दिया हुआ है परंतु औद्योगिकरण और विकास के नाम पर हो रहे पर्यावरण के नुकसान से लोगर प्रदूषण के चपेट में आने लगे हैं इन दिनों धरमजयगढ़ में धूल डस्ट और कीचड़ ने शहर और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण का वातावरण निर्मित कर दिया है। स्कूली बच्चे कोयले के डष्ट से प्रदूषण की मार झेल रहे है। आर्टीकल 21 के तहत स्कूली बच्चे सहित आम लोगो को स्वच्छ वातावरण में जीने का अधिकार है। उनके हक को छीनते हुए जामपाली एसईसीएल खुली खदान से लगभग 300 हाईबा कोयले रोजाना परिवहन किया जा रहा है। इन गाड़ियों से उड़ रहे डष्ट से बहुत जल्द स्कूली बच्चे के बीमार होने की संभावना तथा तेज रफ्तार के कारण किसी बड़े हादसे होने की संभावना से लोग सहमे सहमे हुए हैं।

### स्कूल आने जाने के वक्त थमा जाएं पहिये

बंग समाज कल्याण समिति के बैनर तले सौंपे गए ज्ञापन में शहर के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक मंडल, सजल मधु एकाजल विश्वास, मुन्ना माली, उत्तम पाल,गणेश सरकार, विनाय मंडल, संजू विश्वास, विक्की पांडेय, रिक्की अग्रवाल, भीम बैरागी, मुकेश हलदार, गगन मंडल,अमित आनंद सपन मंडल राजू प्रधान अनिल सरकार, एसुबिर बिसवास,महाबीर बिसवास,बाबुल मंडल,संजय तहशीलदार, संजय सरकार सहित अन्य शहर वासियों ने स्कूली बच्चे की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल आने जाने के वक्त दिन सुबह 7 बजे से 8 बजेए11 बजे 1 बजे और साम 4 बजे से 5 बजे तक कोयला की गाड़ी को नगर पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के बाहर ही रोके जाने की मांग की है। शहरवासियों की का कहना है कि स्कूल आने जाने के वक्त भारी वाहनों के पहिए शहर के बाहर ही थम जाए जिससे स्कूली बच्चों के साथ किसी प्रकार का अनहोनी होने का खतरा ना रहे।

### क्या कहते हैं शहरवासी

इस संबंध में मीडिया से चर्चा करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दीपक मंडल एवं बंग समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष सजल मधु ने संयुक्त रुप से बताया कि शहर की सड़कें जर्जर स्थिति में है जिस पर कोयले से भरी तेज रफ्तार वाहन अंधाधुन दौड़ रही है शहर में लगभग 4 हजार से भी अधिक स्कूली बच्चे विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और हमेशा ही स्कूली बच्चों के साथ किसी अप्रिय घटना घटित होने का खतरा बना रहता है जिसको देखते हुए स्कूल के निर्धारित समय पर भारी वाहनों का आना-जाना शहर में उचित नहीं है इसीलिए स्कूल के वक्त भारी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से शहर के बाहरी रोका जाना चाहिए।

## एक नजर

### एंटीजन जांच में कल तीन कोरोना पॉजिटिव, धरमजयगढ़ में बढ़ने लगा आंकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



वैश्विक महामारी कोविड 19 को लेकर लोग अब गंभीर नहीं है। जिसके कारण फिर एक बार कोरोना पैर पसारना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। धरमजयगढ़ में भी कोरोना का आंकड़ा बढ़ने लगा है। सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में एंटीजन जांच में कल 3 लोगों का रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। वहीं क्षेत्र में 3 कोरोना के एक्टिव केस हैं। जिससे साफ लग रहा है कि धरमजयगढ़ में भी कोरोना तेजी से फैल रहा है। इस महामारी ने पूरे विश्व को अपने चपेट में लिया था। जिससे कई देश अभी भी बुरी तरह प्रभावित है। सरकार कोरोना से लड़ने शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने बूस्टर डोज लगा रही है। लेकिन कोरोना के प्रति लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### बाकारुमा मंडल में कार्यकर्ताओं ने मुर्मू की जीत पर मनाई खुशी

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



भारतीय जनता पार्टी मंडल बाकारुमा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के जीत पर जश्न मनाया।राष्ट्रपति के लिए आदिवासी महिला उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के विजयी होने पर अजजा मोर्चा में दोहरी खुशी है। धरमजयगढ़ विधानसभा बाकारूमा मंडल में कार्यकर्ताओं ने फटाखे फोड़े एवं एक दूसरे को रंग लगाकर खुशी मनाई। विजय जुलूस में पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिशचंद्र राठिया ,लीनव राठिया, मनीष कुमार राठिया, नेता,टीमन बारिक, संतोष चौहान,कंचन राठिया, मनमोहन सिंह,गोनील राठिया, तिरलोक राठिया, आशीष कुमार, जयशंकर, जनार्दन, खेमचंद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला चिकित्सालय का होगा कायाकल्प, बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधायें

**कांकेर** । इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैण्डर्स के मानकों के अनुरूप शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर को विकसित करने के लिए प्लान बनाने हेतु कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के अनुरोध पर एन.एच.एस.एच.आर.सी. और सी.डी.सी. नई दिल्ली के विशेषज्ञ डॉक्टरों, आर्किटेक्ट तथा टेक्निकल कंसलटेंट द्वारा आज शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय और मातृ एवं शिशुरोग विभाग अलबेलापारा कांकेर का निरीक्षण किया।

# जैसे अपने घर का काम कराते हैं, वैसे ही स्कूल का कराएं- तारण प्रकाश सिन्हा

## कलेक्टर ने चाम्पा, सारागांव और बम्हनीडीह में किया स्वामी आत्मानंद स्कूलों के कार्यों का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर।



कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल चाम्पा, सारागांव और बम्हनीडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि यह विद्यालय राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना ही नहीं है। यह आने वाले कल का ऐसा भविष्य भी है। जो आसपास के गरीब और जरूरतमंद बच्चों को एक नई दिशा देते हुए उनके कैरियर को संवारने के साथ राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनायेगा। आप स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक है। समय पर आने के साथ अच्छे से अध्यापन कराए और यहां चल रहे कार्यों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होने दें। जिस तरह आपके घरों में होने वाले कार्यों को गंभीरता से कराते हैं, उसी तरह स्कूल को अपना घर मानते हुए गुणवत्ता के साथ जरूरत के सभी कार्यों को कराए। कलेक्टर सिन्हा ने आज बम्हनीडीह विकासखण्ड अंतर्गत विकास कार्यों तथा राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को फील्ड पर जाकर देखा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शासन द्वारा की गई नई पहल में से एक स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल चाम्पा, बम्हनीडीह और स्वर्गीय बिसाहूदास महंत स्कूल सारागांव का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने यहा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित विद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे यहां होने वाले सभी कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करें और संबंधित ठेकेदारों को भी निर्देशित करे कि स्कूल में गुणवत्तामूलक कार्य किया जाए।

कलेक्टर ने स्कूल के प्राचार्यों को यह भी निर्देश दिए कि आपके विद्यालय को आवश्यकता के आधार पर राशि उपलब्ध कराई गई है। जो भी आवश्यक कार्य है। वह समय पर गुणवत्ता के साथ कराए। स्कूल संबंधी कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने प्राचार्यों को यह भी निर्देशित किया कि विद्यालय में अध्यापन में किसी तरह की लापरवाही न करे। समय पर आप सभी विद्यालय आए और अध्ययन कराए। उन्होंने लैब, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम आदि के लिए भी निर्देश दिए और स्कूल में होने वाले कार्यों को अपने घर के लिए किए जाने वाले कार्यों की तरह कराने के निर्देश दिए।



# जनचौपाल में पहुंचे जिला के अधिकारी नही सुलझा पाए समस्याए, लगे आरोप प्रत्यारोप के झड़ी

## आपसी सहमति के लिए दिया गया 10 दिन का समय

**गरियाबंद** । गुरुवार को ग्राम पंचायत कोपरा के दो गुटों में बंटे पंचायत प्रतिनिधि में तालमेल बैठाने जनचौपाल का आयोजन स्थानीय राम जानकी मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के ग्रामीणों की काफी भीड़ उपस्थित रही। इस जनचौपाल के दौरान आरोप प्रत्यारोप की अंबार लगी रही।

जिसके कारण जिला स्तर के पहुंचे अधिकारी समस्या को नही सुलझा पाए। जिसके लिए अधिकारियों ने 10 दिनों के भीतर पंचायत प्रतिनिधियों को आपस में बैठ कर व ग्रामीणों की सहमति से कार्ययोजना बनाने आपसी रजामंदी बनाने की बात कही गई। वही ग्राम पंचायत की वर्तमान स्थिति को देख पांडुका पुलिस भी मुस्तैदी से तैनात रहे। इन दिनों ग्राम पंचायत कोपरा में आपसी तालमेल के कमी के कारण गांव का विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है। जिसको लेकर लगातार खबर प्रकाशन किया जा रहा था। जिसके बावजूद पंचायत दो गुटों बंटे होने के कारण गांव की विकास कार्य के लिए अधिकारियों के निर्देश के बावजूद कोई कार्य का संपादन नही हो पा रहा था। वही 30 जून को कोरम पूर्ति के अभाव में स्थगित ग्राम सभा का दोबारा 4 जुलाई को आयोजित किया गया। जिसमे भी ग्रामीणों की समस्या सुनने के बजाय पंचायत प्रतिनिधि आपस मे उलझे रहे। जिस पर गुस्साए ग्रामीणों ने यहां तक की सभी पंच सरपंचों की सामुहिक इस्तीफे की बात तक कह दिया था। ग्राम पंचायत कोपरा के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत द्वारा गुरुवार को स्थानीय रामजानकी मंदिर परिसर में जनचौपाल आयोजित किया गया।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

**दैनिक जोहार छत्तीसगढ़**

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# मुर्मू की जीत पर अजजा मोर्चा ने बाजे गाजे के साथ निकाली विजय जुलूस



जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

राष्ट्रपति पद की एनडीए उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू की जीत पर विजय जुलूस निकाली गई। पहली बार आदिवासी समुदाय से राष्ट्रपति बनने पर भाजपा अजजा मोर्चा के नेतृत्व में यह विजय जुलूस निकाली गई थी। मूलत: ओडिशा राज्य की रहने वाली द्रोपदी मुर्मू आदिवासी समुदाय की महिला है। जो देश की राष्ट्रपति बनी है। अजजा मोर्चा द्वारा आदिवासी समुदाय की महिला को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने पर प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार व्यक्त किया गया। अजजा मोर्चा रायगढ़ जिलाध्यक्ष रामनाथ बैगा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता यादव भवन के पास एकत्रित हुए। जहां से बाजे गाजे कर्मा पार्टी के साथ विजय जुलूस निकाली गई, विजय जुलूस महाराणा प्रताप चौक, गांधी चौक, पोस्टऑफिस चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंची। मार्ग में कार्यकर्ताओं ने खुशी में फटाखे फोड़े। अचानक निकले इस रैली से लोगों में कौतूहल दिखाई दी। बता दें कि भाजपा ने मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया था, वहीं विपक्ष ने यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया था। जिसमें मुर्मू ने बड़ी अंतर से जीत हासिल की है। इस जीत से आदिवासी समुदाय में खुशी है। जिस कारण अजजा वर्ग ने विजय जुलूस निकाला वहीं प्रधानमंत्री सहित समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जिला मिशन समन्वयक देवांगन को दी गई भावभीनी विदाई

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

शिक्षा विभाग विकासखण्ड धरमजयगढ़ के द्वारा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ आरके देवांगन को विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र धरमजयगढ़ में विदाई दी गई।




21 जुलाई 2022 को जिला शिक्षा अधिकारी आरपी आदित्य की उपस्थिति में डाईट प्राचार्य एके पैंकरा, विकास खण्ड शिक्षाअधिकारी एसआर सिदार, विकास खण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एनपी बिशी, सेजेस प्राचार्य हकीम उल्लाह खान, व्याख्याता रविशंकर सारथी, लेखापाल आरपी यादव एवं विकास खण्ड धरमजयगढ़ के 54 संकुलों के संकुल शैक्षिक समन्वयक के द्वारा डीएमसी आरके देवांगन के सेवानिवृत तिथि 31जुलाई 2022 के पूर्व 21 जुलाई को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।

आरके देवांगन के सम्मान में जिला शिक्षाअधिकारी के द्वारा अपने उद्बोधन में देवांगन के पूरे जिले में सभी के साथ बेहतर समन्वय मिलनसार प्रवृत्ति एवं कुशल कार्यशैली की तारीफ की व इन्हें आजातशत्रु की संज्ञा दी। डाईट प्राचार्य पैंकरा ने इनके कुशल नेतृत्व की प्रशंसा की, साथ ही साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिदार एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक बिशी द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि शिक्षा विभाग की प्रत्येक गतिविधियों में इनका बेहतर मार्गदर्शन व कुशल नेतृत्व प्राप्त होता रहा। देवांगन ने रायगढ़ जिले के समग्र शिक्षा में कार्य करते हुए गुणवत्ता पूर्ण बदलाव एवं छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में जिले को अग्रणी रखने का कार्य किया। इनके कार्यकाल में इन्होंने जिले के शिक्षकों के साथ मिलकर प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार का कार्य किया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता रविशंकर सारथी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन संकुल शैक्षिक समन्वयक रवि पटेल के द्वारा किया गया।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in